


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 353 | ग्वालियर, 19 अक्टुबर गुरुवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



यूपी वालों के लिए खुशखबरी

## दीपावली से महिलाओं को साल में 2 फ्री गैस सिलेंडर देगी योगी सरकार

### *दीपावली के बाद होली में भी मिलेगा फ्री गैस सिलेंडर*

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने चुनाव से पहले अपने घोषणा पत्र में बड़ा ऐलान किया था, जिसमें बीजेपी ने महिलाओं के लिए साल में 2 गैस सिलेंडर मुफ्त देने की घोषणा की है। जिसकी शुरुआत अब लगभग डेढ़ साल बाद इस दीपावली से होने जा रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव ने इस योजना से संबंधित प्रस्ताव पर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में




लगभग 1 करोड़ 75 लाख उज्जवला योजना के तहत वाले गैस कनेक्शन हैं। इस साल की दीपावली के अवसर पर पहली बार फ्री गैस सिलेंडर का पैसा इन गैस कनेक्शन धारकों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर यानी डीबीटी के जरिए भेजा जाएगा। बीते सोमवार को लखनऊ में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इस पर फैसला लिया गया। आपको बता दें कि इस फैसले से पहले नियमानुसार एक प्रेजेंटेशन मुख्य सचिव को दिया गया था और इस विषय में सरकार ने पैसे का इंतजाम भी किया है। खाद्य एवं रसद विभाग के इस प्रस्ताव पर जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी ली जाएगी। बताया जा रहा है कि उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को दीपावली से पहले एक स्च्छ सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। इसी तरह एक मुफ्त सिलेंडर होली में भी दिया जाएगा। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में उज्जवला योजना की लाभार्थी महिलाओं को होली और दीपावली पर फ्री रसोई गैस सिलेंडर देने की घोषणा की थी। जिसके लिए बीते सेला उज्जवला लाभार्थियों को दीपावली और होली पर फ्री गैस सिलेंडर देने के लिए बजट में 3300 करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रावधान किया गया था।

## वैश्विक समुद्री उद्योग के कायाकल्प का सामर्थ्य है आईएमईसी में : मोदी

नयी दिल्ली / प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी–20 के नये भारत मध्य पूर्व यूरोप कॉरीडोर (आईएमईसी) को विश्व भर के समुद्री उद्योग का कायाकल्प करने में सक्षम बताते हुए निवेशकों एवं कारोबारियों को इससे जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है। मोदी ने आज मुंबई में आयोजित ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया सम्मेलन के तीसरे संस्करण का नयी दिल्ली से वीडियो लिंक के माध्यम से उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केन्द्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल आदि उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने भारतीय समुद्री नीली अर्थव्यवस्था के लिए एक खाका श्अमृत काल विजन 2047श को भी जारी किया। इस योजना के अनुरूप प्रधानमंत्री ने 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जो भारतीय समुद्री नीली अर्थव्यवस्था के लिए 'अमृत काल विजन 2047' के अनुरूप हैं। मोदी ने गुजरात में दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण में साढ़े चार हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित होने वाले टूना टेकरा ऑल वेदर डीप ड्राफ्ट टर्मिनल की आधारशिला भी रखी। इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड टर्मिनल को सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से विकसित किया जाएगा। इस टर्मिनल के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार केंद्र के रूप में उभरने की संभावना है। यह टर्मिनल 18 हजार टीईयू (बीस फुट के बराबर इकाई) से अधिक भावी पीढ़ी के जहाजों का रख–रखाव करेगा, और भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के माध्यम से भारतीय व्यापार के लिए प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करेगा। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री की उपस्थिति में समुद्री क्षेत्र में वैश्विक और राष्ट्रीय साझेदारी के लिए 7 लाख करोड़ से अधिक के 300 से अधिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए गये। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि 2021 में पूरी



दुनिया कोरोना की अनिश्चितता से घिरी हुई थी। कोई नहीं जानता था, कि कोरोना के बाद का विश्व कैसा होगा। लेकिन आज दुनिया में एक नया वैश्विक व्यवस्था आकार ले रहा है और इस बदलते हुए वैश्विक व्यवस्था में पूरा विश्व भारत की ओर नई आकांक्षाओं से देख रहा है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से घिरी दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की चोटी की तीन आर्थिक शक्तियों में से एक होगा। हम सब जानते हैं कि दुनिया का अधिकतर व्यापार, समुद्री मार्गों से ही होता है। कोरोना पश्चात काल में आज दुनिया को भी भरोसेमंद और टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखलाओं की जरूरत है। इसीलिए ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया सम्मेलन का ये संस्करण बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। मोदी ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब भी भारत की समुद्री क्षमता मजबूत रही है, देश और दुनिया को इससे बहुत लाभ हुआ है। इसी सोच के साथ बीते 9–10 वर्षों से हम इस क्षेत्रको सशक्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। हाल ही में, भारत की पहल पर एक ऐसा कदम उठाया गया है, जो 21वीं सदी में दुनिया भर की समुद्री उद्योग के कायाकल्प का सामर्थ्य रखता है। जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक कॉरीडोर (आईएमईसी) पर ऐतिहासिक सहमति बनी है। सैकड़ों वर्ष पहले रेशम मार्ग ने वैश्विक व्यापार को गति दी थी, ये मार्ग दुनिया के कई देशों के विकास का आधार बना था। अब ये ऐतिहासिक कॉरीडोर भी क्षेत्रीय और वैश्विक व्यापार की तस्वीर बदल देगा। अगली पीढी के विशाल बंदरगाह और अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट, इसका निर्माण, द्विपीय विकास, अंतरदेशीय जलमार्गों, मल्टी मॉडल हबों का विस्तार, ऐसे कई बड़े काम इस योजना के तहत किए जाने हैं। इस कॉरीडोर से कारोबारी लागत कम होगी, दक्षता बढ़ेगी, पर्यावरण का नुकसान कम होगा और बड़ी संख्या में रोज़गार का भी निर्माण होगा। निवेशकों के पास ये एक बड़ा अवसर है कि वो भारत के साथ जुड़कर इस अभियान का हिस्सा बनें। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का भारत, अगले 25 वर्षों में विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। हम हर क्षेत्रमें क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहे हैं।

## मकान में विस्फोट से चार लोगों की मौत और पांच घायल, योगी ने जताया शोक

मेरठ, । मेरठ में मंगलवार को सुबह लोहिया नगर इलाके में एक मकान में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए आज यहां बताया कि विस्फोट में कुल नौ लोग घायल हुए थे और इलाज के दौरान उनमें से चार लोगों ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में भर्ती पांच लोगों में से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। शेष घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जिलाधिकारी ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत–बचाव के निर्देश दिये हैं। मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया घटना में कुल नौ लोग घायल हो गए, जिनमें से चार ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह सभी पुरुष हैं और वयस्क हैं। इनकी शिनाख्त के लिए अभी तक आसपास से कोई नहीं पहुंचा है। ऐसा लगता है कि यह लोग फैक्टरी में काम करने वाले मजदूर थे जिनकी विस्फोट में जान चली गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जिस मकान में विस्फोट हुआ वह मकान संजय गुप्ता नाम के व्यक्ति का है। उसने भी मकान किराये पर दे रखा था। उन्होंने बताया कि घटना में मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। फैक्टरी ग्राउंड फ्लोर पर थी। उन्होंने बताया कि घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए हैं और जांचकर्ताओं में अपर जिलाधिकारी (एडीएम–सिटी) के अलावा चार अन्य अधिकारी और भी शामिल हैं। उनके अनुसार, पुलिस अधीक्षक को भी नामित किया गया है तथा 48 घंटे में रिपोर्ट मांगी गई है। घायलों व मृतक के परिवारों को सरकारी आर्थिक मदद के बाबत पूछने पर जिलाधिकारी ने कहा कि मृतकों की शिनाख्त के बाद आर्थिक मदद के बारे में विचार किया जाएगा।

## समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने समलैंगेक विवाह को कानूनी मान्यता देने की गुहार मंगलवार को ठुकरा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग तीन–दो के बहुत से खारिज कर दी जबकि हिंसा, जबरदस्ती या हस्तक्षेप के किसी भी खतरे के बिना सहवास के उनके अधिकार को बरकरार रखा। संविधान पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा कि कानून समान लिंग वाले जोड़ों के विवाह के अधिकार को मान्यता नहीं देता है। इस पर कानून बनाना संसद पर निर्भर है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति कौल ने विवाह के अधिकार को पढ़ा और ऐसे समान लिंग वाले जोड़ों को परिणामी लाभ देने के अपने अधिकार को बरकरार रखा।



दूसरी ओर न्यायमूर्ति भट, न्यायमूर्ति कोहली और न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने समान लिंग वाले जोड़ों की शादी को मान्यता देने से इनकार कर दिया। संविधान पीठ के सदस्यों ने हालांकि एकमत से केंद्र सरकार के इस बयान को रिकॉर्ड में लिया कि वह समलैंगिक जोड़ों को दिए जाने वाले अधिकारों और लाभों को सुव्यवस्थित करने के लिए एक समिति का गठन करेगी। बच्चा गोद लेने के मामले में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति कौल ने समलैंगिक जोड़ों को अधिकार दिया, लेकिन अन्य तीन न्यायाधीशों इस दृष्टिकोण से असहमति जताई और समलैंगिक तथा अविवाहित जोड़ों को गोद लेने से बाहर रखने वाले सीएआरए नियमों की वैधता को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट, न्यायमूर्ति हेमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 11 मई 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी थी कि समलैंगिक विवाह को मान्यता न देना समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और गरिमा के अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में यह भी कहा गया कि शीर्ष अदालत को इस समुदाय की सामाजिक सुरक्षा और अन्य कल्याणकारी लाभों तक पहुंच के लिए उचित निर्देश भी पारित करने चाहिए। केंद्र सरकार ने याचिकाकर्ताओं का पुरजोर विरोध किया था। सरकार ने दलील देते हुए कहा था कि याचिकाकर्ताओं की मांग को अनुमति देने से व्यक्तिगत कानूनों के मामले में बेहद खराब स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। शीर्ष अदालत में सरकार ने यह भी कहा था कि इस विषय को विधायिका द्वारा (केवल इसके व्यापक परिणामों के कारण) ही संभाला जा सकता है। केंद्र सरकार ने यह भी दावा किया था सिर्फ सात राज्यों ने समलैंगिक विवाह के मसले पर उसके सवाल का जवाब दिया है। इनमें राजस्थान, आंध्र प्रदेश और असम ने ऐसे विवाहों के लिए कानूनी मंजूरी की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं के तर्क का विरोध किया है।

## सेना की गरिमा को ठेस पहुंचा रही है मोदी सरकार : खडगे

नई दिल्ली, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सेना की प्रतिष्ठा का ध्यान रखे बिना अपनी सरकार के कार्यों की उपलब्धियों का प्रचार के लिए उसका इस्तेमाल कर रही है और



उसका यह कदम सेना के शौर्य को ठेस पहुंचाने वाला है। खडगे ने ट्वीट किया "राष्ट्र की सुरक्षा करने वाले हमारे भारतीय सेना के वीर जवानों की लोकप्रियता को भुनाकर मोदी जी स्वयं का प्रचार करवा रहें हैं। चुनाव में सेना का राजनीतिक इस्तेमाल करके मोदी सरकार ने वो किया है जो 75 सालों में कभी नहीं हुआ है।" उन्होंने कहा "मोदी सरकार ने, सेना को देशभर में 822 ऐसे सेल्फी पॉइंट लगाने को कहा है जो सरकारी योजनाओं का प्रचार करे। इन झांकियों में सैनिकों के पराक्रम की गाथा के बजाय प्रधानमंत्री मोदी जी की बुतनुमा तस्वीर है और उनकी योजनाओं का गुणगान है।" खडगे ने कहा "भारतीय सेना के शौर्य एवं बलिदान पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को बेहद गर्व है। राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाने वाली भाजपा ने भारतीय सेना की गरिमा को चोट पहुंचाई है।"

## महाराणा प्रताप के वंशज हुए भाजपा में शामिल

नई दिल्ली, राजस्थान में विधानसभा चुनावों के पहले आज यहां महाराणा प्रताप के वंशज विश्वराज सिंह मेवाड़ और करणी सेना के प्रमुख रहे स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह कालवी के पुत्र श्री भवानी सिंह कालवी आज यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, राजस्थान प्रदेश भाजपा



के अध्यक्ष सी पी जोशी और सांसद दीया कुमारी की मौजूदगी में दोनों शख्सियतों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। राजस्थान में विधानसभा चुनाव 25 नवंबर को होने हैं और मतगणना तीन दिसंबर को होगी। भाजपा ने राजस्थान विधानसभा की 200 सीटों में से 41 सीटों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है और बाकी उम्मीदवारों की घोषणा भी शीघ्र होने की संभावना है।

## कांग्रेस के दबाव में सरकार ने गंगाजल पर जीएसटी हटाया

नयी दिल्ली, (वार्ता) कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) सरकार ने मां गंगा को भी नहीं बख्श्शा और गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया और कांग्रेस ने दबाव बनाया तो फिर वापस लेना पड़ा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया



श्रीनेत ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस को जब पता चला कि मां गंगा को भी नहीं बक्शा जा रहा है और गंगाजल पर जीएसटी लगाया जा रहा है तो कांग्रेस ने इसका जबरदस्त विरोध किया जिसके दबाव में सरकार को फैसला बदलना पड़ा। इस तरह एक बार फध्रि कांग्रेस ने मोदी सरकार को मजबूर कध्यि और उसको यह गलत फैसला वापस लेना पड़ा। उन्होंने कहा "भाजपा प्रवक्ता, ट्रोल आर्मी और उनके फेक न्यूज संचालक कहते रहे कि गंगाजल पर कोई जीएसटी नहीं है क्योंकि गंगाजल पूजा सामग्री की श्रेणी में आता है। यह प्रचार झूठ था और मीडिया इस झूठ को सच मानकर खबरें चलाता रहा। सच्चाई यह थी कि गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया था और ये कहना कि उस पर जीएसटी नहीं था– यह कोरा झूठ है।" प्रवक्ता ने कहा की गंगाजल पर जीएसटी लगाकर सरकार का उद्देश्य गंगाजल डाक से भेजकर डाकघर की आमदनी बढ़ाना था। पहले 250 एमएल की बोतल 30 रुपए थी लेकिन 18 प्रतिशत जीएसटी लगने के बाद इसकी कीमत 35 रुपए हो गई थी। इसकी जानकारी 18 अगस्त को इंडिया पोस्ट ने ट्वीट से दी थी जिसमें साफ लिखा था कि 30 रुपए की बोतल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जबकि सरकार बोलती रही है की गंगाजल पूजा सामग्री की श्रेणी में आता है इसलिए इस पर जीएसटी नहीं लगेगा। उन्होंने कहा, "सीबीआईसी के तहत जीएसटी जीएसटी आता है और सीबीआईसी की वेबसाइट पर लिखा है–रुद्राक्ष की माला, रोली, विभूति, यज्ञोपवीत, कलावा, बिना ब्रांड के शहद, लकड़ी के खड़ाऊँ, चरणामृत, चंदन का टीका और दीये की बाती पर जीएसटी नहीं है बाकि सब पर जीएसटी है। वेबसाइट में गंगाजल पर जीएसटी नहीं लगाने की कोई बात नहीं है। हिंदू धर्म में गर्भधारण से मृत्यु तक 16 कर्मकांड होते हैं और उन सबमें गंगाजल अनिवार्य है। मोदी सरकार द्वारा गंगाजल पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी वसूला जा रहा था और जब हमने दस्तावेजों के साथ भंडाफोड़ किया, तब जाकर इन्होंने टैक्स हटाया।" उन्होंने कहा, "आजकल शारदेय नवरात्र चल रहा और इस पावन पर्व में जब श्रद्धालु बिना जीएसटी के गंगाजल से पूजा करेंगे तो उनका आशीर्वाद कांग्रेस को मिलेगा। दुःख इस बात का भी है कि जिस झूठ का पर्दाफाश मीडिया को करना चाहिए था उसे हम कर रहे हैं और आगे भी सरकार का असली चेहरा इसी तरह बेनकाब करते रहेंगे।"

## देश की पहली रीजनल ट्रेन सर्विस की होने जा रही शुरूआत, 20 अक्टूबर को पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली, । भारत की पहली क्षेत्रीय ट्रन सेवा रैपिडएक्स शुक्रवार यानी 20 अक्टूबर को 17 किलोमीटर की दूरी पर शुरू होने वाली है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी उस दिन गाजियाबाद में दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) पर इस खंड का उद्घाटन करेंगे। पूरा गलियारा 2025 तक चालू हो जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 12 अक्टूबर को उद्घाटन से पहले रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) परियोजना के साहिबाबाद स्टेशन का निरीक्षण किया था। पहले चरण में साहिबाबाद, गाजियाबाद गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो समेत पांच स्टेशनों पर परिचालन होगा। प्रधानमंत्री के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ साहिबाबाद में आरआरटीएस ट्रेन में सवारी करने की संभावना है। दुहाई डिपो पहुंचने के बाद वे उसी ट्रेन से साहिबाबाद लौटेंगे। आरआरटीएस परियोजना को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। अब से अगले छह महीनों में, RAPIDX नेटवर्क में 25 किमी और जोड़ दिए जाएंगे। मुरादनगर, मोदीनगर उत्तर, मोदीनगर दक्षिण और मेरठ दक्षिण स्टेशन परिचालन के लिए तैयार होंगे। दिल्ली–मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर 2025 में पूरा होने पर केवल एक घंटे में 82 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। NCRTC के अनुसार, RAPIDX सेवाएं देश की पहली रेलवे प्रणाली होगी जिसकी पूरी लंबाई के साथ अधिकतम परिचालन गति 160 किमी प्रति घंटा होगी। आरआरटीएस मार्ग पर रैपिडएक्स ट्रेनों की औसत गति 100 किमी प्रति घंटे होगी, जो मेट्रो ट्रेनों और भारतीय रेलवे की यात्री ट्रेनों दोनों को पार कर जाएगी। इस साल जून में मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त ने RAPIDX सेवा को मंजूरी दे दी है।

## तमिलनाडु : पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट से 11 लोगों की मौत

विरुधुनगर, तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में मंगलवार को दो पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट होने से नौ महिलाओं सहित 11 लोगों की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि आज दोपहर श्रीविल्लिपुथुर के पास रंगमपलयम में कनिष्कर फायरवर्क्स फैक्ट्री में अचानक हुए विस्फोट से नौ महिलाओं सहित 10 श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस समय यह हादसा हुआ उस समय श्रमिक फैंसी किस्म के पटाखे बनाने में इस्तेमाल होने वाले अत्यधिक ज्वलनशील रसायनों को मिलाने के काम में जुटे हुए थे। एक अन्य घटना में, शिवकाशी के पास किचनाइकेनपट्टी गांव में एक निजी पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से एक कर्मचारी की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। दोनों फैक्ट्रियों में पहुंचे दमकल ने कुछ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। वरिष्ठ राजस्व और पुलिस अधिकारी बचाव कार्यों की निगरानी के लिए मौके पर पहुंचे।

# रबी फसलों की बोवनी किसानों को फसल के खराब होने का बना रहता है डर

रिपोर्टर-प्रतीश अग्रवाल
पुष्पांजलि टुडे
मधुसुदनगढ़

### अन्नदाता का आरोप :दुकानों पर बेचा जा रहा अमानक खाद-बीज

रबी फसलों की बोवनी का सीजन आते ही बाजार में बीज और कीटनाशक दवाओं की दुकानों पर किसान इनकी खरीदी करने पहुंच रहे हैं, लेकिन किसानों को दुकानदार खरीदी गए बीज और कीटनाशकों का बिल नहीं दे रहे हैं। वहीं किसानों का कहना है कि इन दुकानदारों के पास बीज व कीटनाशक बेचने का लाइसेंस है या नहीं यह भी स्पष्ट नहीं हो पाता है। जिसमें किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। साथ ही किसानों को इनकी खरीदी का बिल न देकर नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। जिसके बाद किसानों को फसलों के खराब होने पर परेशानी का सामना करना पड़ता है।किसानों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन अफसरों ने अब तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं की है।



कृषि विभाग की लापरवाही के कारण मधुसूदनगढ़ कस्बे में कई खाद बीज की दुकाने बिना लाइसेंस के खुल गई हैं। यह दुकानदार बीज, रासायनिक व कीटनाशक को निर्धारित कीमत से ज्यादा दर पर बेच रहे हैं।

**किसान बोले - शिकायत के बाद भी नहीं होती कार्रवाई**-जांच पड़ताल व कार्रवाई भी नहीं होती है मोहनलाल, हरगोविंद, नारायण सिंह उकावद के किसानों ने बताया कि पूर्व में अमानक खाद-बीज और कीटनाशक दवाओं को खरीदने से उनके खेत की फसलों को नुकसान हो चुका है। उनका कहना है कि उन्होंने पूर्व में कृषि विभाग के अधिकारियों को शिकायत दर्ज करा दी थी, लेकिन अभी तक कृषि विभाग के अधिकारियों ने एक भी दुकानदार पर कार्रवाई नहीं की है। इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर खाद बीज और दवाईयों की बड़े पैमाने पर बिक्री शुरू हो गई है। लेकिन अफसरों ने न तो दुकानदारों के लाइसेंस चैक किए हैं और न ही खाद बीज की दवाओं की प्रमाणिकता को चैक किया है।जब किसान इन दवाओं का उपयोग खेत में करता है तो उसके परिणाम हानिकारक आते हैं। जिससे नुकसान तो होता ही साथ ही आर्थिक हानि भी होती है। समय की बर्बादी और परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर दुकानदार किसानों को पक्का बिल तक नहीं दे रहे हैं। इसके चलते किसान शिकायत तक नहीं कर पा रहे हैं। अफसरों को भी कार्रवाई करने के लिए कोई ठोस आधार चाहिए, लेकिन किसानों के पास पक्का बिल नहीं होने से दुकानदार कार्रवाई से लगातार बचते नजर आ रहे हैं। इस अनदेखी के कारण अमानक दवाओं और बीजों का कारोबार चल रहा है। जिसके चलते किसान ठगी का शिकार हो रहे हैं। ऐसा किसानों के साथ हर बार होता है लेकिन अमानक बीज और खाद व दवाएं बेचने वालों पर देरी से कार्रवाई के कारण हर बार किसान ठगा महसूस करता है।

**खाद-बीच के सैंपल भी नहीं लिए जाते-** अमानक खाद बीज और नकली दवाओं को बेचने वाले कारोबारियों पर प्रशासन ने कार्रवाई करने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम बनाई जाती है लेकिन जिले भर में किसी भी दुकानदार के खिलाफ अबतक न तो कोई कार्रवाई की गई है और न ही किसी दुकानदारों के सैंपल भरे गए हैं। उधर सैंपल लेने के बाद भी रिपोर्ट भी दो महीने के बाद ही मिलती है जबतक बोवनी पूरी हो चुकी होती. है और कई दुकानदार अपनी दुकानों को बंद कर देते हैं। जिला मुख्यालय से 85 किमी दूर होने के कारण यहां पर अधिकारी भी नहीं आते हैं एवं जो अधिकारी आते हैं वह फार्मेलिटी पूरी करके चले जाते हैं।

## आज भारतीय जनता पार्टी की चाचौड़ा विधानसभा सीट से घोषित प्रत्याशी ने आज मधुसूदनगढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाले निम्न गांव में संपर्क किया

रिपोर्टर-प्रतीश अग्रवाल
पुष्पांजलि टुडे

**मधुसुदनगढ़** आज भारतीय जनता पार्टी की चाचौड़ा विधानसभा सीट से घोषित प्रत्याशी प्रियंका पैंची ने जनसंपर्क के अंतर्गत मधुसूदनगढ़ तहसील के दर्जनों गांव अगरपुरा, देवपुरा, कजलिया, नयापुरा, बापची, गारखेड़ा, बरखेड़ा, नलखेड़ा, श्रीपुरा, बागराज, खेरखेड़ी, कमलपुरा, करेला, तोरई, गोडिया, श्यामपुर एवम उदयपुर आदि गांव का दौरा किया एवं गांव की समस्याएं जानी द्य ग्रामीणजनों को केंद्र एवम राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी एवं योजनाओं से अवगत कराया द्य साथ ही योजना के पात्र लोगों से भी चर्चा की द्य जगह-जगह पर ग्रामीणों द्वारा उत्साह के साथ महिलाओं द्वारा भी



उनका स्वागत भी किया गया द्ध इस अवसर वरिष्ठ नेता,कार्यकर्ता एवम सदस्यो में सत्यपाल सिंह मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा ,बृज नारायण चौक से पूर्व जिला परिषद सदस्य, मोहन बाबू साहू, मोहर सिंह सोंधिया, कमल सिंह मीणा युवराज सिंह मीणा बिसन सिंह मीणा ,कमर लाल सोंधिया जनपद सदस्य, मोनू यादव युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, सुनीत ओडिस्च, नरेंद्र सिंह जादौन, महेंद्र सोंधिया, दौलत सिलावट,हार्वेस साहू ,लक्ष्मण जादौन, दिलीप सोंधिया, आर डी नामदेव, पवन जोशी ,गोपाल पालीवाल, राधेश्याम नरवर, भगवान सिंह सोंधिया सरपंच कजलिया, प्रदीप साहू, अशोक प्रजापति शिव ओम पटवा विशाल शर्मा मयंक शर्मा,जतिन शर्मा ,अनुज राज सिंह ,अज्जू शर्माराम सिंह मीणा,संजीव जादौन, दीपक अग्रवाल, संतोष धाकड़, भूरा मीणा, गोविंद मीणा, भूरा महाराज, राहुल मीणा गंगापुरा, सहित बड़ी संख्या में बीजेपी जन मौजूद रहे

## शिवपुरी शहर के दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों के नमूने लिए गए



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** एफएसएसएआई (खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण) नई दिल्ली द्वारा कराए जा रहे पेन-इंडिया सर्विलेंस ऑफ मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स 2023 के अंतर्गत शिवपुरी शहर में दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थों के कुल 12 नमूने एकत्रित कर जांच हेतु भेजे गए। निरीक्षण के दौरान मिराया दूध डेयरी नवाब साहब रोड से घी तथा मावा व दही, श्रीकृष्णा मिल्क डेयरी कमालगंज से पनीर व खोआ, अग्रवाल आइस गैलेक्सी से पनीर, आइसक्रीम, मटर, घी (चारों सेम्पल अमूल ब्रांड) एवं सांची दही के नमूने लिए गए, संजय दूध डेयरी फतेहपुर से दूध खुला का नमूना लिया गया। जांच परिणाम पश्चात वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## धार्मिक आयोजनों के दौरान आचार संहिता का पालन करें- कलेक्टर

### रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नहीं बजेंगे डीजे,जुलूस रैली की लेनी होगी अनुमति

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

### सद्भावना एवं समन्वय समिति की बैठक में हुई चर्चा

अभी नवरात्रि का पर्व चल रहा है। 23 नवंबर को रामनवमी और 24 को दशहरा का त्यौहार मनेगा। इस दौरान कई धार्मिक आयोजन होते हैं। धार्मिक आयोजनों के दौरान भी आचार संहिता का पालन किया जाए। अभी विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत आचार संहिता प्रभावशील है। ऐसे में किसी भी आयोजन के दौरान भी आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार चौधरी ने सद्भावना एवं समन्वय समिति की बैठक में सभी से चर्चा की। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से कहा कि यह यह सभी के लिए जरूरी है कि कोई भी आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से सद्भावना के साथ हों। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग





के चुनाव को लेकर दिए गए निर्देशों का भी पालन हो। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक डीजे नहीं बजेंगे। सभी डीजे संचालक भी बैठक में उपस्थित थे। उन्हें इस संबंध में निर्देश दिए हैं। डीजे के लिए भी अनुमति लेना होगी। बैठक में बताया कि धार्मिक आयोजन के दौरान कोई जुलूस, रैली चल समारोह आदि निकालने के लिए अनुमति लेना होगी। संपत्ति विरूपण अधिनियम का भी ध्यान रखें। धार्मिक आयोजन के दौरान चुनाव प्रचार को लेकर किसी भी प्रकार के बैनर पोस्टर आदि नहीं होना चाहिए।नवरात्रि के बाद मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। विजयदशमी के अवसर पर रावण दहन के कार्यक्रम भी चिन्हित स्थलों पर आयोजित होते हैं। इस दौरान नगर पालिका द्वारा साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया जाए। पुलिस एवं यातायात विभाग की टीम द्वारा सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था का ध्यान रखा जाए। विद्युत व्यवस्था भी बाधित न हो इसके लिए विद्युत विभाग की टीम सक्रिय होकर रहे। नगर पालिका द्वारा विसर्जन स्थल पर साफ सफाई की जाए। जिन मार्गो से होकर चल समारोह निकलेंगे उनमें पुलिस और यातायात द्वारा व्यवस्था बनाएं बनाई जाए।

### शिवपुरी में देखने को मिलेगा गरबा डांडिया का रंग

## 19 और 20 अक्टूबर को होगा नवरात्रि में नई उमंग के संग नक्षत्र गार्डन में पंखिड़ा गरबा, डांडिया डांस



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- अगर आप इस साल की अपनी नवरात्रि को हमेशा के लिए यादगार बनाना चाहते हैं, तो 19 और 20 अक्टूबर की शाम सभी कामों को साइड कर नक्षत्र गार्डन में पंखिड़ा द्वारा आयोजित नवरात्रि पर रंगारंग कार्यक्रम गरबा एवं डांडिया का रुख कर आएं। यहां शाम 6 बजे दुर्गा आरती के बाद शानदार गरबा और डांडिया नाइट का कार्यक्रम शुरू होगा, जो रात 11 बजे तक चलेगा ।।गौरतलब है कि नवरात्रि के 9 दिन किसी महाउत्सव की तरह मनाए जाते हैं। इन दिनों देशभर में माता दुर्गा की आराधना के साथ-साथ अलग-अलग शहरों में गरबा और डांडिया नाइट का आयोजन भी किया जाता है। लोग भी नवरात्रि शुरू होने से पहले ही अपने शहरों में होने वाले डांडिया नाइट आयोजन की जगह के बारे में सर्च करने लगते हैं। ऐसे में रंग इवेंट की टीम की ओर से शिवपुरी के नक्षत्र गार्डन पर भव्य आयोजन की तैयारियां जोरो पर हैं। हर ओर इस पावन पर्व को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, पूजा- पाठ से अलग लोग गरबा और डांडिया नाइट को लेकर भी बेहद एक्साइटिड हैं।इस मौके पर महिलाओं ने बताया कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति समेत परंपराओं को पहचान कराती हैं. जो आने वाली पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक बनने में सहायक होती है.....इसमें मुख्य आयोजन करता राहुल शिवहरे, आदर्श परिहार, अर्पित जैमिनी, अभिजीत, दिव्यांश, पुलकित , दिव्या, देव शर्मा, पीयूष शर्मा आदि द्वारा मुख्य आयोजन शहर में करवाया जा रहा है

## राजनैतिक दल या अभ्यर्थी ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल न हों जो विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण एवं अपराध है

### राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के लिए दिशा निर्देश

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** मध्यप्रदेश में 9 अक्टूबर से विधानसभा निर्वाचन-2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के संबंध में राजनीतिक दलों और प्रत्याशियो के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए है। आयोग द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार सामान्य आचरण के तहत किसी भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी को ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होना चाहिए, जिससे भिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच विद्यमान मतभेद अधिक गंभीर हो सकते हैं या परस्पर नफरत हो सकती है या तनाव पैदा हो सकता है। यदि राजनीतिक दलों की आलोचना की जाए, तो यह उनकी नीतियों और कार्यक्रमों, गत रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखी जाएगी। दलों और अभ्यर्थियों को अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की सार्वजनिक गतिविधियों से असंबद्ध निजी जीवन के सभी पहलुओं की आलोचना करने से बचना होगा। असत्यापित आरोपों या मिथ्या कथन के आधार पर अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना करने से बचना होगा। मत प्राप्त करने के लिए जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मंदिर, मस्जिद, चर्च और पूजा के अन्य स्थलों को निर्वाचन के प्रचार के मंच के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जाएगा।सभी दल और अभ्यर्थी ऐसी सभी गतिविधियों से ईमानदारी से परहेज करेंगे जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण एवं अपराध हैं जैसे कि मतदाताओं को घूस देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना, मतदाताओं का प्रतिरूपण मतदान केंद्रों से 100 मीटर की दूरी के अंतर्गत प्रचार करना, मतदान समाप्त होने के लिए निर्धारित समय के समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभाएं आयोजित करना और मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक लाने- ले जाने के लिए परिवहन और वाहन उपलब्ध कराना।हर व्यक्ति के शांतिपूर्ण और बाधारहित घरेलू जीवन के अधिकार का सम्मान किया जाएगा, फिर चाहे राजनीतिक दल और अभ्यर्थी उनकी राजनीतिक राय या गतिविधियों से कितने भी अप्रसन्न हो। किसी भी परिस्थिति में उनकी राय अथवा गतिविधियों के खिलाफ विरोध जताने के लिए व्यक्तियों के घर के सामने प्रदर्शन आयोजित करने या धरना देने का सहारा नहीं लिया जाएगा।कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने इत्यादि की अनुमति नहीं देगा। राजनैतिक दल और अभ्यर्थियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभाओं और जुलूसों में बाधा खड़ी नहीं करेंगे या उन्हें भंग नहीं करेंगे। किसी राजनैतिक दल के कार्यकर्ता या समर्थक अन्य राजनीतिक दल द्वारा आयोजित सार्वजनिक सभा में मौखिक या लिखित रूप में सवाल पूछकर या अपने दल के पर्चे बॉटकर बाधा उत्पन्न नहीं करेंगे। किसी दल द्वारा उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाए, जहाँ अन्य दल की सभाएं आयोजित हो रही हैं। किसी दल के कार्यकर्ता अन्य दल के कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए पोस्टर नहीं हटाएंगे।

**सभाएं**-राजनैतिक दल या अभ्यर्थी स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को किसी भी प्रस्तावित सभा के स्थल और समय के बारे में काफी पहले से सूचित करेंगे ताकि पुलिस यातायात को नियंत्रित करने और शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर सके। दल या अभ्यर्थी अग्रिम रूप से सुनिश्चित करेगा कि क्या सभा के लिए प्रस्तावित स्थल पर कोई रोक या निषेधाज्ञा लागू तो नहीं है और यदि ऐसे आदेश मौजूद हैं, तो उनका कड़ाई से पालन किया जाएगा। यदि ऐसे आदेशों से किसी रियायत की आवश्यकता हो, तो अग्रिम रूप से इसके लिए आवेदन किया जाएगा और प्राप्त किया जाएगा। यदि किसी प्रस्तावित सभा के संबंध में लाउड-स्पीकरों या किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति या अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता है, तो दल या अभ्यर्थी अग्रिम रूप से संबंधित प्राधिकरण के समक्ष आवेदन करेगा और यह अनुमति या अनुज्ञा प्राप्त करेगा। सभा के आयोजक सभा में बाधा खड़ी करने वाले या अन्यथा अव्यवस्था पैदा करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों से निपटने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस की निरपवाद रूप से सहायता प्राप्त करेगा। स्वयं आयोजक ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करेंगे।

**जुलूस**-जुलूस का आयोजन करने वाला दल या अभ्यर्थी जुलूस शुरू करने का स्थान और समय, अनुगमन किए जाने वाले मार्गों और जुलूस समाप्त होने का स्थान और समय पहले से ही तय करेगा। साधारण तौर पर कार्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं होगा। आयोजक स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को कार्यक्रम की अग्रिम सूचना देंगे, जिससे स्थानीय पुलिस प्राधिकारी आवश्यक व्यवस्था कर सकें। आयोजक यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन इलाकों से जुलूस निकालना है, क्या इन इलाकों में कोई प्रतिबन्ध आदेश लागू है और प्रतिबन्ध आदेशों का पालन करेंगे यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष रूप से रियायत नहीं दी गई है। यातायात संबंधी किन्हीं विनियमों या प्रतिबंधों का भी ध्यानपूर्वक अनुपालन किया जाएगा। आयोजक जुलूस निकालने के लिए अग्रिम रूप से व्यवस्था करने के लिये कदम उठाएंगे, जिससे यातायात में कोई रुकावट या बाधा न आए। यदि जुलूस बहुत लंबा है, तो इसे उचित लंबाई के कई हिस्सों में आयोजित किया जाएगा, जिससे सुविधाजनक अंतरालों पर विशेष रूप से उन स्थानों पर जहाँ जुलूस को सड़क का चौराहा पार करना है, रुके हुए यातायात को कई चरणों में छोड़ा जा सके जिससे कि यातायात बाधित होने से बचा जा सके। जुलूस को इस प्रकार से विनियमित किया जाएगा कि जहाँ तक संभव हो यह सड़क के दाहिने तरफ रहे और ड्यूटी पर तैनात पुलिस के निर्देशों और सलाह का कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा। यदि दो या अधिक राजनीतिक दल या अभ्यर्थी जुलूस को समान रास्तों या उसके किसी भाग से एक ही समय पर ले जाने का प्रस्ताव देते हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कि दोनों जुलूस आपस में न टकराएं या यातायात में बाधा उत्पन्न न करें, आयोजक अग्रिम रूप से संपर्क करेंगे और अपनाए जाने वाले उपायों के बारे में निर्णय लेंगे। संतोषजनक व्यवस्था पर पहुँचने के लिए स्थानीय पुलिस की सहायता ली जाएगी। इस प्रयोजनार्थ दल पुलिस से यथाशीघ्र सम्पर्क करेंगे।

राजनीतिक दल या अभ्यर्थी, जुलूस में भाग लेने वाले लोगों के पास मौजूद ऐसी वस्तुओं जिनका अवांछनीय लोगों द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है, पर अधिकतम संभव सीमा तक नियंत्रण रखेंगे। किसी भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी द्वारा अन्य राजनीतिक दलों के सदस्यों या उनके नेताओं को निरूपित करने वाले पुतले ले जाने, जनता के बीच इन पुतलों को जलाने और इस तरह के अन्य प्रकार के प्रदर्शन का समर्थन नहीं किया जाएगा।

**मतदान दिवस के लिये राजनीतिक दल और अभ्यर्थी**-सभी राजनीतिक दल और अभ्यर्थी शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित मतदान और मतदाताओं को किसी भी तरह से परेशान किए बिना या कोई अड़चन पैदा किए बिना उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने की पूरी स्वतंत्रता का सुनिश्चय करने के लिए निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। अभ्यर्थी अपने प्राधिकृत कार्यकर्ताओं को उचित बैज और पहचान पत्र प्रदान करेंगे। इस बात पर सहमति देंगे कि उनके द्वारा मतदाताओं को प्रदान की गई पहचान पर्ची सादे (सफेद) कागज पर होगी और उस पर कोई प्रतीक, अभ्यर्थी का नाम या दल का नाम नहीं होगा। मतदान के दिन और इससे 48 घंटे पहले शराब देने या बांटने से दूर रहेंगे। राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों द्वारा मतदान बूथों के पास लगाए गई शिविरों के निकट अनावश्यक भीड इकट्ठा नहीं होने देंगे, जिससे दलों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों और अभ्यर्थियों के मध्य टकराव और तनाव से बचा जा सके। सभी सुनिश्चित करेंगे कि अभ्यर्थी के शिविर साधारण होंगे। कोई पोस्टर, झंडा, प्रतीक, या कोई अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित नहीं करेंगे। कोई खाद्य सामग्री परोसी नहीं जाएगी अथवा भीड़ को शिविर में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी और मतदान के दिन वाहनों के यातायात पर लगाये जाने वाले प्रतिबंधों के अनुपालन में प्राधिकारियों का सहयोग करेंगे और उनके लिए अनुज्ञा पत्र प्राप्त करेंगे, जो उन वाहनों पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होने चाहिए।

**मतदान बूथ**-मतदाताओं को छोड़कर, ऐसा कोई व्यक्ति मतदान बूथ के भीतर प्रवेश नहीं करेगा जिसके पास निर्वाचन आयोग का कोई मान्य प्रवेश पत्र नहीं है।

**प्रेक्षक**-निर्वाचन आयोग प्रेक्षकों को नियुक्त करता है। यदि अभ्यर्थियों या उनके अभिकर्ताओं को निर्वाचन के संचालन के संबंध में कोई विशेष शिकायत या समस्या है, तो वे उसे प्रेक्षक के ध्यान में ला सकते हैं।

**सत्ताधारी दल के लिये**-केंद्र या राज्य या संबंधित राज्यों का सत्ताधारी दल यह सुनिश्चित करेगा कि इस वजह से शिकायत का अवसर न दिया जाए कि उन्होंने अपने निर्वाचन अभियान के प्रयोजनार्थ अपनी आधिकारिक स्थिति का उपयोग किया है और विशेष रूप से मंत्री अपने सरकारी दौरों को निर्वाचन संबंधी कार्यों के साथ नहीं जोड़ेंगे और साथ ही निर्वाचन संबंधी कार्यों के दौरान सरकारी मशीनरी या कर्मचारियों का उपयोग नहीं करेंगे। सत्ताधारी दल के हित को बढ़ावा देने के लिए सरकारी विमानों का सरकारी परिवहन, मशीनरी और कर्मचारियों का उपयोग नहीं करेंगे।

निर्वाचन के संबंध में निर्वाचन सभाएं आयोजित करने के लिए मैदान जैसे सार्वजनिक स्थानों और हवाई उड़ानों के लिए हेलीपैड्स के उपयोग पर किसी का एकाधिकार नहीं होगा। अन्य दलों और अभ्यर्थियों को उन्हीं नियमों और शर्तों पर ऐसे स्थानों और सुविधाओं का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी, जिन नियमों और शर्तों पर सत्ताधारी दल इनका उपयोग करता है। विश्राम गृह, डाक बंगलों या अन्य सरकारी आवासों पर सताधारी दल या उसके अभ्यर्थी का एकाधिकार नहीं होगा और अन्य दल और अभ्यर्थियों को निष्पक्ष ढंग से इन आवासों का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन कोई भी दल या अभ्यर्थी इन आवासों (उसके अंतर्गत मौजूद परिसरों का उपयोग अभियान कार्यालय के रूप में या निर्वाचन प्रचार के प्रयोजनार्थ कोई सार्वजनिक सभा आयोजित करने के लिए नहीं करेगा या ऐसा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सार्वजनिक राजकोष की लागत पर समाचार पत्रों और अन्य मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित करने और निर्वाचन अवधि के दौरान पक्षपातपूर्ण कवरेज के लिए राजनीतिक समाचारों की सरकारी मास मीडिया का दुरुपयोग और सत्ताधारी दल की संभावनाओं को बढ़ाने की दृष्टि से उनकी उपलब्धियों के संबंध में प्रचार करने से सावधानीपूर्वक बचेंगे।

# स्वतन्त्र व निष्पछ चुनाव के लिये अपराधिक तत्वों के खिलाफ करे शक्त कारवाही...डा.असित यादव एसपी भिण्ड

**केशब पंडित ब्यूरो चम्बल...??**

**भिण्ड** ... नवागत पुलिस अधीक्षक डा.असित यादव जी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा निर्वाचन 2023 सम्पन्न कराने के एवं प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ एनएसए एवं जिला बदर सहित अन्य प्रतिबंधात्मक धाराओं में सख्त कार्रवाई की जाए यह बात नवागत भिण्ड एसपी डा. असित यादव ने जिले के समस्त पुलिस परिवार की मीटिंग के समच्छ कही उन्होने कहा निर्वाचन की सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए अपने अपने काम को बडे ही ईमानदारी से करे जिससे आम मतदाताओं में विश्वास कायम हो और वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।एसपी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां



आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला नाकों पर 24 घंटे विशेष निगरानी रखी जाए। धन, मदिरा, अन्य मादक पदार्थ, अवैध हथियारों और आपत्तिजनक सामग्री अभियान चलाकर जब्तकरें। जिले के सभी थाना प्रभारी पूरी तरह मुस्तैद व सतर्क होकर काम करें। वल्नरेबल क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा) के अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। वल्नरेबल क्षेत्रों में विशेष मतदाता जागरूता अभियान चलाकर लोगों को भरोसा दिलाएँ कि पुलिस और प्रशासन आपकी सुरक्षा के लिये तत्पर है।

**संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों के बाहर भी लगाएँ सीसीटीवी कैमरे**-श्री यादव ने कहा कि संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग की पुख्ता व्यवस्था की जाये श्री यादव ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में महिलाओं एवं दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा संचालित मतदान केन्द्र स्थापित है उनकी पुलिस मदद करे.

# वन मंत्री विजय शाह के खिलाफ केस दर्ज करवाने के लिए विकलांग बल श्योपुर ने पुलिस अधीक्षक महोदय को दिया ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**श्योपुर** - विकलांग बल मध्यप्रदेश की जिला इकाई श्योपुर द्वारा वन मंत्री के ब?बोलेपन ने उन्हें परेशानी मैं डाल दिया! उन्होंने अपने बोल से प्रदेश के विकलांगजनों का दिल दुःखा दिया दरसल मध्यप्रदेश शासन के वन मंत्री विजय शाह का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें हरसूद की एक सभा मैं वे विकलांगों को लंग?ा लूला कहते हुए दिखाई दे रहे है ऐसे मैं प्रदेश के लाखों विकलांगों ने वन मंत्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है वन मंत्री के खिलाफ विकलांग अधिनियम 2016 की धारा 91 व 92 के तहत कार्यवाही होना चाहिए जिला पुलिस अधीक्षक कार्यलय पहुंची विकलांग बल मध्यप्रदेश जिला इकाई श्योपुर के पदाधिकारियो द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक ने बताया की मध्यप्रदेश शासन के वन मंत्री विजय शाह उच्च पद पर बैठे हुए एक जिम्मेदार व्यक्ति है उन्हें इस प्रकार की भाषा का प्रयोग नही करना चाहिए था माननीय प्रधानमंत्री जी ने विकलांगजन को दिव्यांग शब्द दिया है और मध्यप्रदेश



की भाजपा सरकार के वन मंत्री उन्ही दिव्यांग से लंग?ा लूला बोल रहे है ऐसे मैं विकलांगों की भावनाओं को बहुत आहत पहुंची है ऐसे मंत्रियों पर क?ी से क?ी कार्यवाही होना चाहिए ऐसी मांग श्योपुर पुलिस अधीक्षक से श्योपुर विकलांग बल ने की ज्ञापन देने वाले विकलांग बल के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक, जिलाध्यक्ष विक्की दीक्षित, किशन खंडेलवाल, नदीम खान, संजय वर्मा, मुकेश मीणा, घांसीराम प्रजापति, सीताराम प्रजापति, हरि रामराज मीणा, राजेंद्र बैरवा आदि विकलांगजन मौजूद रहे!

# अपराधियों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा नवागत एसपी डॉ. असित यादव

## स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराये जाने के लिए अपराधियों पर शिकंजा कसा जाएगा





**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** तत्कालीन पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री का स्थानांतरण हो जाने के बाद भिण्ड जिले में नये पुलिस कप्तान बनकर आये नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता कर सबसे पहले पत्रकारों का परिचय प्राप्त किया । श्री यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा। हमारे संवाददाता पंकज त्रिपाठी द्वारा जब यह पूछा गया कि चुनाव जैसे समय में आपका स्थानांतरण होकर आया हैं,तो यहां की पुलिसिंग व्यवस्था और खासकर चुनाव व्यवस्था के सम्बंध में आपका कार्य पद्धति कैसी होगी तो इस पर श्री यादव ने कहा कि यह क्षेत्र मेरे लिए कोई अपरचित नहीं है,क्योंकि मैं नजदीक के जिला मुरैना में स्थापित बटालियन से आया हूँ और मुरैना जिले में पुलिस अधीक्षक के पद पर भी कार्य कर चुका हूं,चूंकि चुनाव के समय में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कुछ विशेष व्यवस्था करनी होती है समय कम है,लेकिन मुझे कोई परेशानी नहीं है। श्री यादव ने कहा कि मै जिला भिण्ड की समूची जनता को विश्वास दिलाता हूं,कि चुनाव में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने देगें बहुत ही शांति एवं अच्छे से चुनाव सम्पन्न होंगे,पूर्ण रूप से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराये जाएंगे,किसी भी आम नागरिक को किसी भी प्रकार का कोई भय या परेशानी नहीं होगी। श्री यादव ने कहा कि अपराध करने वाले या आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने वालों पर क?ाई से कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने कहा कि किसी भी आमनागरिक को कोई परेशानी हो तो वह उन्हें सीधे अवगत करा सकते हैं, सभी पर अबिलम्ब नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से भी कहा कि पत्रकार सच्चाई दिखाने का काम करते हैं, ऐसे में उनके पास कोई भी जानकारी हो उसे वह उनको सीधे बता सकते हैं,जिस नियमानुसार तुरंत कार्यवाही की जाएगी।श्री यादव ने विधानसभा चुनाव में सभी से आचार संहिता के नियमों का पालन करने की अपील की है। वार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं को चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए संकल्प लेकर जुड़ जाए : डॉ अरविंद सिंह भदौरिया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** अटेर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने 17 नवंबर को होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए अटेर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक अपने निजी निवास मीरा कॉलोनी पर आयोजित की गई जिसमें सभी मंडलों के बूथों पर भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जीतने के लिए बूथ सशक्तिकरण एवं चुनावी मेंटेनेंस की कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर अपने-अपने बूथ केंद्रों पर चुनाव जीतने के मंत्र के साथ संकल्प दिलाया।डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा किए हम सब पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता है सरकार की योजनाओं को नीचे स्तर तक पहुंच कर चुनाव भी महासागर में विकास और प्रकृति का माध्यम बनाकर जनता के बीच पहुंचे। उन्होंने कहा की अटेर विधानसभा क्षेत्र में जितने भी बड़े-बड़े छोटे काम हुए हैं उन्हें हम जनता के बीच बताएं और साथ ही जिस कार्यकर्ता को अपने बूथ की जिम्मेदारी दी जाए वह पूरी ताकत के साथ योद्धा की तरह कार्य करें कार्यकर्ता ही हमारा चुनाव जीतने का मुख्य आधार है उनके परम से ही हम बूथ को जीत सकते हैंभाजपा प्रत्याशी डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने अटेर विधानसभा के पार्टी पदाधिकारी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी संबंधी तैयारियां पर चर्चा की।

## चाचोड़ी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया प्रेरित

# आओ मिलकर अलख जगाएं, शतप्रतिशत मतदान कराएं

**राजपुरोहितपुष्पांजलि टुडे**
**संवाददाता नरेश कुमार**
**सिरवी पाली राजस्थान**

### बड़ी मुश्किल के बाद लोकतंत्र की आजादी मिली हैं

रानी पाली।। विधानसभा आम चुनाव निर्वाचन 2023 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी आई ए एस नामित मेहता के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत ब?ाने के लिए स्वीप प्लान के अंतर्गत गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मेंहदी, रंगोली, स्लोगन, गीत, लोकल गायन के साथ प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान का महत्व और जानकारी दी जा रही है। साथ ही मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले की सभी विधानसभाओं में ग्राम पंचायत एवं आंगनबा?ी स्तर पर जागरूकता रैली के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है।स्वीप गतिविधियों में अधिक से अधिक मतदान कराने और परिवार के लोगों को मतदान के लिये प्रेरित करने



के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं।जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा की समझाईश दी जा रही है। जिसमें महिला बाल विकास विभाग की आंगनबा?ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा मतदान को ब?ावा देने के लिए महिलाओं को मतदान के महत्व और मताधिकार के उपयोग हेतु 'आओ मिलकर अलख जगाएं, शत-प्रतिशत मतदान कराएं' वोट हमारा है अधिकार, इसे करें न बेकार आदि' स्लोगन लिखी रांगोली एवं हाथों में मेहंदी बनाकर महिला मतदाताओं को जागरूक कियाजा रहा है। चाचोड़ी के गांधी चौक में मरुधर लोक कला मंडल द्वारा नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया ।रानी पंचायत समिति विकास विकास अधिकारी नारायण सिंह राजपुरोहित ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति विस्तार से जानकारी दी। कहां की आगामी उन्होंने कहां की आगामी 25 नवंबर को लोकतंत्र का महापर्व समझकर ज्यादा से ज्यादा अपने अमूल्य मत का पूरा प्रयोग कर विकास की गतिविधि को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने के लिए सही चुनाव कर जनप्रतिनिधि को सरकार के लोकतंत्र में हिस्सा बनने के लिए भेजें। राजपुरोहित ने कहां की लोकतंत्र की लड़ाई बड़ी मुश्किल के बाद प्राप्त हुई है। मौजूद विद्यार्थी महिलाएं एवं पुरुषों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने को लेकर अपील की ।मौके पर डॉक्टर धनराज मीणा ग्राम विकास अधिकारी हीरालाल मीणा सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित अध्यापक नाथूराम सीरवी सहित ग्राम पंचायत के अधीन विभिन्न विभाग के कार्मिक बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे

# अटेर और फूफ थाना प्रभारीयों को हटाने कांग्रेस प्रत्याशी कटारे ने की चुनाव आयोग से शिकायत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अटेर/भिण्ड ।** अटेर तहसील के अंतर्गत आने वाले अटेर और फूफ थाना प्रभारीयों को हटाने हेतु कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने चुनाव आयोग दिल्ली एवं भोपाल व जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायती पत्र लिखा है। निर्वाचन आयोग को लिखे पत्र में अटेर कांग्रेस प्रत्याशी हेमंत कटारे ने कहा है कि अटेर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार यादव और फूफ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह भदौरिया क्षेत्रीय विधायक और सरकार के कैबिनेट सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया की अनुशंसा पर अन्य जिले से भिण्ड स्थानांतरण कर बुलवाया गया है। जो आगामी चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से अपनी भूमिका निभाकर भाजपा के पक्ष में प्रभावित कर सकते है।श्री कटारे ने कहा कि ऐसे में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने हेतु दोनो ही थाना प्रभारीयों को भिण्ड से अन्य जिले में स्थानांतरण किया जाए।

# सोहावल के मतदाताओं को दिलाई गई मतदान करने की शपथ



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधि के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता के लिये विभिन्न गतिविधियां और नवाचार किये जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को जनपद सोहावल में नागरिकों को मतदान में हिस्सा लेने के लिये मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत सोहावल के सीईओ प्रीतपाल बागरी एवं अन्य अधिकारियों ने मतदाताओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिये मतदान करने की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील करते हुये कहा कि सभी मतदाता 17 नवंबर को विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये अपने मत का प्रयोग अवश्य करें। मतदाताओं को जागरुक करने के लिये विकासखंड रामनगर की महिला स्व-सहायता समूह द्वारा जागरुकता कार्यक्रम गतिविधियां चलाई गई। इसी प्रकार जनपद पंचायत रामपुर बघेलान में मतदाता जागरुकता की प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया।

# चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच होगा चित्रकूट का दीपावली मेला

## आवश्यक व्यवस्थाओं के लिये कलेक्टर ने ली बैठक

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना चित्रकूट में आगामी 5 दिवसीय दीपावली मेला 10 नवंबर से 14 नवंबर तक आयोजित होगा। अमावस्या मेला के दौरान चित्रकूट में देश-



देशांतर से आने वाले श्रद्धालु तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में शुक्रवार को चित्रकूट के रघुवीर मंदिर में कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मेले की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को जिम्मेदारी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा, प्रधान पुजारी कामतानाथ चित्रकूट, एसडीओपी आशीष जैन, सद्गुरु संघ ट्रस्ट के डॉ बीके जैन, सीएमओ, सीईओ जनपद सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं साधु-संत तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। चित्रकूट अमावस्या मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली मेले में प्रदेश और प्रदेश के बाहर से औसत रुप से 30-40 लाख लोग आते हैं। चित्रकूट दीपावली मेले का ब?ा नाम भी है। लोगों की श्रृद्धा के अनुरुप सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी ड्यूटी को सेवा भाव से निभायें। ताकि लोगों को श्रृद्धा के अनुरुप बेहतर और निर्बाध सेवायें उपलब्ध कराई जा सके। उन्होने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, आश्रय स्थल सहित आवागमन के मार्गो सहित भी? नियंत्रण के लिए ड्रॉप गेट एवं बैरिकेटिंग की व्यवस्था दुरुस्त रखें। 'राजस्व विभाग' आश्रय स्थलों का चिन्हांकन करें एवं चित्रकूट के दार्शनिक केंद्र आवागमन, सुविधाओं को प्रदर्शित करने वाली मैप होर्डिंग भी लगवाए। 'नगर परिषद चित्रकूट' साफ-सफाई, पेयजल, आंतरिक स?कों की मरम्मत, कंट्रोल रुम, खोया-पाया केंद्र आदि की व्यवस्था करें। इसके अलावा चित्रकूट क्षेत्र में चल रहे सीवर लाइन की खुदाई कार्य के रेस्टोरेशन की कार्यवाही अतिरिक्त संसाधनों को लगाकर पूरा करायें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है और 17 नवंबर को मतदान होगा। आयोग के निर्देशानुसार मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से कोई भी व्यक्ति जो उस विधानसभा क्षेत्र का मतदाता नही है। वह संबंधित विधानसभा क्षेत्र में उपस्थित नहीं रह सकेगा। ऐसी स्थिति में 15 नवंबर की शाम 5 बजे के बाद से लेकर मतदान समाप्ति तक चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र से भिन्न कोई मतदाता उपस्थित नहीं रहे। उन्होने सभी होटल, ढाबा और लॉज के संचालकों को इस समयावधि की बुकिंग नहीं करने के निर्देश दिये। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि परिक्रमा पथ में नारियल तो?ने और अगरबत्ती जलाने की अनुमति नहीं होगी। पुलिस और प्रशासन की टीम इसका विशेष ध्यान रखे। पार्किंग व्यवस्था के लिये उन्होने कहा कि पास की पार्किंग फुल होने पर ही दूर की पार्किंग में वाहनों को भेजा जाये। कलेक्टर ने कहा कि मेले के दौरान संपूर्ण पेयजल व्यवस्था के लिए 'लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग' नोडल



होगा। 'विद्युत कंपनी' के अधिकारी पूरे नगर परिषद क्षेत्र का भ्रमण कर लाइन और ट्रांसफार्मर चेक कर लें। मंदाकिनी घाट, परिक्रमा पथ एवं ज्यादा भी?भा? वाले स्थानो पर पावर लाइन, फिटिंग और स्विच की विशेष रुप से जांच कर लें। ताकि कहीं भी विद्युत दुर्घटना की संभावना नहीं रहनी चाहिए। मेले के दौरान चित्रकूट क्षेत्र में सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। बैरिकेटिंग के लिए बांस-बल्ली और अलाव के लिए लक?ी की व्यवस्था 'वन विभाग' करेगा। बैरिकेटिंग और लोक निर्माण की स?कों को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी 'लोक निर्माण विभाग' की होगी। 'खाद्य विभाग' और खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से कलेक्टर ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र की दुकानों में राशन वितरण, होटलों में खान-पान की वस्तुओं की सैंपलिंग के अलावा खाने-पीने की वस्तुओं की रेट सूची प्रतिष्ठान में प्रदर्शित कराएं और खाद्य पदार्थों की बिक्री तय कीमत पर सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने कहा कि संपूर्ण मेला क्षेत्र में प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहे। नदी के घाटों में पर्याप्त गोताखोर और बचाव सामग्री के साथ होमगार्ड की टीम भी तैनात रहेंगी। नाविकों से भी कहा गया है कि नाव में क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठायें। नावों में बैठक क्षमता और रेट सूची भी प्रदर्शित करें। पुलिस अधीक्षक श्री गुप्ता ने कहा कि निर्देशों के उल्लंघन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने दीपावली मेले के दौरान और उससे पूर्व सभी पेयजल स्त्रोतों का जल परीक्षण और शुद्धिकरण तथा क्लोरीनेशन सतत रूप से कराने के निर्देश भी दिए हैं। होटल एवं रेस्टोरेंट के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि मेला के दौरान असामाजिक तत्वों पर क?ी निगरानी रखी जा सके। मेला जोन के निर्धारित स्थलों पर निःशुल्क चिकित्सा केंद्र तथा प्रमुख स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था भी रखने के निर्देश दिए गए। संपूर्ण परिक्रमा क्षेत्र में होटल और रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है। व्यावसायिक गैस सिलेंडर की भी नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने कहा कि पार्किंग और महत्वपूर्ण स्थलों का पुलिस और राजस्व अधिकारियों द्वारा संयुक्त भ्रमण कर व्यवस्थाओं को आंकलित करें। सीमावर्ती क्षेत्र के कर्वी, चित्रकूट उत्तरप्रदेश के जिला प्रशासन से भी संपर्क कर समन्वय के साथ सुरक्षा बलों की डिप्लॉयमेंट समानांतर रुप से करें। नाव चालकों की बैठक लेकर उन्हें सुरक्षा के बिंदु बतायें। बंदरों को नियंत्रित करने एक वन विभाग की टीम, सपेरों की 5 टीमें मेला परिसर में लगायें। उन्होने कहा कि मेला क्षेत्र में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने निर्धारित आईकार्ड और ड्रेस में रहें।

## संपादकीय

# इजराइल-फिलिस्तीन झगड़े में विश्वगुरु बनने की चाहत!


इजराइल और फिलिस्तीन के बीच छिड़ी जंग से कट्टर हिन्दू और कट्टर मुसलमान दोनों बहुत खुश हैं। ऐसे हिन्दुओं को इस बात में मजा आ रहा है कि मुसलमान मारे जा रहे हैं और मुसलमानों को इस बात में कि उनके लोग यहूदियों को सबक सिखा रहे हैं। इन दोनों फिरकों को कतई ये बुरा नहीं लग रहा है कि आखिर कत्ल तो बेगुनाह इंसानों का ही हो रहा है। दिक्कत ये है कि हमास को आतंकवादी संगठन कहने पर मुसलमान नाराज हो जाते हैं और इजराइल को आक्रान्ता बताने पर हिंदूवादी। दोनों ही भूल जाते हैं कि युद्ध किसी चीज का समाधान नहीं है, बल्कि वह समस्याएं ही पैदा करता है और उन्हें बढ़ाता भी है। लगभग डेढ़ साल से चल रहे रूस–यूक्रेन युद्ध का अभी तक तो कोई नतीजा निकला नहीं है और न ही निकट भविष्य में ऐसा होता दिखाई देता है। इधर हिन्दूवादियों को इस युद्ध ने मुसलमानों के खिलाफ एक और कुतर्क दे दिया है जिसके मुताबिक मुसलमान अगर ये मानते हैं कि इजराइल ने उनकी जमीन हथिया ली है और वो उन्हें वापस मिलनी चाहिये तो फिर वे अयोध्या, काशी और मथुरा हिन्दुओं को वापस क्यों नहीं दे देते। राजनीतिक रूप से निरक्षर लोगों को यह बात सही लग सकती है लेकिन वास्तव में इजराइल–फिलिस्तीन मामले की तुलना भारत के इन धर्मस्थलों से करना सिरे से गलत है। क्योंकि इनको लेकर विवाद थे नहीं, पैदा किये गये हैं और इनका निपटारा देश की अदालतें देर–सबेर कर ही देंगी। दूसरा– तमाम मतभेदों के बावजूद और कभी–कभार के तनाव या टकराव को छोड़ सभी धर्मों के मानने वाले शांति और भाईचारे के साथ इस देश में रहते आये हैं जबकि इजराइल ने फिलिस्तीनी आबादी को बहुत छोटे से इलाके में रहने को मजबूर कर रखा है और उस पर भी वह लगातार हमले करता रहता है। इस युद्ध के साथ कांग्रेस के खिलाफ भी दुष्प्रचार का नया सिलसिला चल निकला है। कांग्रेस ने पहले ही दिन निर्दोष इजराइली नागरिकों की हत्या पर गहरा दुरूख व्यक्त किया, उनकी भर्त्सना की और युद्धविराम की अपील भी की। लेकिन फिलिस्तीन के अधिकारों की बात करते ही उस पर हमास समर्थक होने का लेबल चस्पा कर दिया गया क्योंकि कांग्रेस ने हमास की निंदा नहीं की। एक झूठ यह भी फैलाया जा रहा है कि फिलिस्तीनी नेता यासिर अराफात एक आतंकवादी थे, जिन्हें इंदिरा और राजीव गांधी ने सर–आंखों पर बैठाया। इंदिरा गांधी ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए सबसे पहले फिलिस्तीन को मान्यता दी और अराफात को श्नेहरू शांति पुरस्कारश दिया, उन्हें एक करोड़ रुपये और सोने की ढाल भेंट की जबकि राजीव गांधी ने उन्हें इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय शांति पुरस्कार दिया। इतना ही नहीं, राजीव ने उन्हें दुनिया भर में घूमने के लिए बोइंग जहाज भी भेंट किया था। कहने की जरूरत नहीं कि बेसिर पैर की ऐसी बातें कहां और क्यों गढ़ी जाती है। दो और दो को पांच बनाने में माहिर भारतीय जनता पार्टी को बताना चाहिए कि अटल बिहारी वाजपेयी ने 1977 में रामलीला मैदान पर फिलिस्तीन के समर्थन में जो कहा था, उससे वह सहमत है या नहीं। उसकी नजर में हमास और फिलिस्तीन अगर एक ही हैं तो उसे साफ करना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिलिस्तीन क्यों गए थे और क्यों उन्होंने वहां का सर्वोच्च नागरिक सम्मान स्वीकार किया, क्यों यासिर अराफात की कब्र पर उन्होंने फूल चढ़ाये। और अब विदेश मंत्रालय को यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी कि भारत ने हमेशा से ही एक अलग और स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य का समर्थन किया है। साथ ही शांतिपूर्ण समाधान के लिए सीधी बातचीत की वकालत भी की है। क्या इजराइल के साथ खड़े होने का ट्वीट करने के चार दिन बाद सरकार को अहसास हुआ कि उसे तटस्थ रहना चाहिये? मजे की बात है कि फिलिस्तीन पर सरकार की नीति को लेकर उससे पूछे गये सवालों पर जो सफाई भाजपा या सरकार को देनी थी, वह गोदी मीडिया ने दी कि भारत तो इजराइल और फिलिस्तीन के मामले में हमेशा से तटस्थ रहा है और मोदीजी ने फिलिस्तीन का नहीं, बल्कि फिलिस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास और उसके हमले का विरोध किया है। इस तरह के हमलों के खिलाफ भारत की जो जीरो टॉलरेंस की नीति है, मोदीजी के नेतृत्व में भारत उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। अच्छा है यदि सचमुच ऐसा हो रहा हो, लेकिन इजराइल–फिलिस्तीन मामले में जब दूसरे तमाम देश प्रतिक्रिया देने के लिये सही समय का इंतजार कर रहे थे तब हमारी सरकार को किस बात की जल्दबाजी थी? क्या विश्वगुरु बनने की महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल थी कि थोड़ी देर के लिये ही सही, हर कसौटी पर जांची–परखी हुई अपनी विदेश नीति को हमने दरकिनार कर दिया?

# भूख की कसक

**एजेंसी**

*ग्लोबल हंगर इंडेक्स की हालिया रिपोर्ट में भारत को दुनिया के 125 देशों में 111वें स्थान पर रखा गया है। चिंता की बात यह है कि भूख का स्तर गंभीर श्रेणी का है। रिपोर्ट बताती है कि देश में बच्चों के कुपोषण का स्तर 18.7 फीसदी है।*

हाल ही में जारी किये ग्लोबल हंगर इंडेक्स–2023 के आंकड़े हमारे विकास और प्रगति के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाने वाले हैं। समतामूलक समाज की आकांक्षा में यदि देश अपने नागरिकों की भूख का समाधान नहीं कर पाता तो यह शोचनीय विषय है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स की हालिया रिपोर्ट में भारत को दुनिया के 125 देशों में 111वें स्थान पर रखा गया है। चिंता की बात यह है कि भूख का स्तर गंभीर श्रेणी का है। रिपोर्ट बताती है कि देश में बच्चों के कुपोषण का स्तर 18.7 फीसदी है। निस्संदेह, ऐसे हालात में देश के नीति–निर्माताओं को भूख व कुपोषण के निराकरण के लिये कारगर योजनाओं को तुरंत अमल में लाने की जरूरत है। हालांकि, जीएचआई की इस रिपोर्ट को खारिज करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस सर्वे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाये हैं। साथ ही इसे दुर्भावना से प्रेरित व त्रुटिपूर्ण बताकर खारिज किया है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण यानी एनएफएचएस की रिपोर्ट भी एक चिंताजनक स्थिति की ओर संकेत करती है। जो बताती है कि महाराष्ट्र में नवजात मृत्युदर और अविकसित बच्चों के अनुपात में काफी वृद्धि हुई है। एनएफएचएस–5 की रिपोर्ट कई चिंताजनक स्थितियों की ओर इशारा करती है। वैसे यह एक विरोधाभासी तथ्य है कि भारत की आबादी का एक बड़ा भाग न केवल खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर है बल्कि बची उपज का निर्यात भी करता है। जिसके चलते देश में कुपोषण व भूख से जुड़े ग्लोबल हंगर इंडेक्स के आंकड़ों की तार्किकता पर सवाल उठते हैं। भारत को आज दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था कहा जा रहा है। तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि फिर कैसे कुपोषण व भूख के आंकड़ों में भारत को पाकिस्तान, बांग्लादेश नेपाल आदि से नीचे दर्शाया जा रहा है। वैसे, नीति आयोग के राष्ट्रीय गरीबी सूचकांक आंकड़ों के अनुसार ऐसी गरीबी में रहने वाले लोगों का प्रतिशत लगभग पंद्रह था। जुलाई में आयोग की एक रिपोर्ट से पता चला था कि 74 फीसदी लोग स्वस्थ मानकों का भोजन नहीं खरीद सकते हैं। निस्संदेह, बेहतर पोषण के लिये सभी की पौष्टिक भोजन तक पहुंच, स्वच्छ पानी और स्वच्छता की स्थितियां सुनिश्चित की जानी चाहिए। ऐसे में मौजूदा दर पर, भारत द्वारा सतत विकास मानकों के अनुरूप वर्ष 2030 तक भूख खत्म करने का लक्ष्य पूरा करना मुश्किल लगता है। सवाल यह भी उठता है कि देश की प्रगति का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक क्यों नहीं पहुंच पा रहा है। प्रगति के तमाम दावों के बावजूद भूख के ये आंकड़े क्यों परेशान कर रहे हैं। यह भी कि छलांग लगाते शेयर बाजार का कोई रिश्ता हमारी गरीबी दूर करने से है? देश में बढ़ती आर्थिक असमानता कालांतर कानून व्यवस्था के लिये चुनौती बन सकती है। नीति–नियंताओं को इस बात पर भी विचार करना होगा कि देश में आर्थिक असमानता निरंतर क्यों बढ़ रही है। यह एक गंभीर चुनौती है और समस्या का कारगर समाधान मांगती है।



# भारत में रोजगार के अवसरों में हो रही तेज वृद्धि को देखकर दुनिया हैरान है

**प्रह्लाद सबनानी**

भारतीय सनातन संस्कृति के बारे में विवेचन करते हुए, भारत में रचित वेद, पुराण एवं परम्पराओं के अनुसार, राजा का यह कर्तव्य माना गया है कि उसके राज्य में निवास कर रही प्रजा में प्रत्येक नागरिक को रोजगार उपलब्ध हो, राजा ऐसी व्यवस्था करे। जब तक भारतीय सनातन संस्कृति का भारत में पालन होता रहा, तब तक लगभग समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध होता रहा। प्राचीन भारत में विशेष रूप से गांवों में ही रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध रहते थे एवं शहरों की ओर पलायन भी बहुत कम होता था। बेरोजगारी की समस्या के बारे में तो भारत के प्राचीन शास्त्रों में वर्णन ही नहीं मिलता है। समस्त नागरिकों को रोजगार उपलब्ध रहता था एवं वे अपने परिवार के समस्त सदस्यों का भरण पोषण करने में सक्षम रहते थे एवं परिवार के समस्त सदस्यों के साथ प्रसन्नत्ता एवं उत्साह के साथ रहते थे। जबकि आज की परिस्थितियों के बीच, वैश्विक स्तर पर, बेरोजगारी की समस्या एक प्रमुख समस्या के रूप में उभर रही है। भारतीय सनातन संस्कृति का पालन करते हुए भारत आज आर्थिक प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारतीय अर्थव्यवस्था पूरे विश्व की लगभग सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। वर्ष 2014 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में 10वें स्थान पर थी जो आज 5वें स्थान पर पहुंच गई है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति को देखते हुए अब उम्मीद की जा रही है कि वर्ष 2027–28 के पूर्व भारत की अर्थव्यवस्था 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी एवं यह अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन जाएगी। भारत में केंद्र सरकार द्वारा लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि न केवल देश की अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़े बल्कि भारत में युवाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार के नए अवसर निर्मित हों। इस दृष्टि से भारत में अब अच्छी खबर आई है। भारत में अगस्त 2023 माह में 46.21 करोड़ नागरिकों को रोजगार मिला हुआ था जबकि अगस्त 2022 में 43.02 करोड़ नागरिकों को ही रोजगार प्राप्त था, इस प्रकार एक वर्ष के दौरान 3.19 करोड़ नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। केंद्र सरकार के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय द्वारा वर्ष 2017 के बाद से प्रतिवर्ष देश में (जुलाई–जून वार्षिक अवधि के बीच) श्रम शक्ति सर्वेक्षण, यह जानने के लिए किया जाता है कि भारत के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी एवं रोजगार की कैसी स्थिति है। हाल ही में जुलाई 2022 से जून 2023 की अवधि के बीच यह सर्वेक्षण कार्य सम्पन्न हुआ है। इस सम्बंध में जारी किए गए प्रतिवेदन में भारत में रोजगार की स्थिति के बारे में कई अच्छे तथ्य उभरकर सामने आए हैं। भारत में 15 वर्ष एवं इससे अधिक की आयु वाले नागरिकों के बीच श्रम शक्ति भागीदारी की दर (संइवनत थ्वतबम चंतजपबपचंजपवद तंजम) में लगातार अतुलनीय रूप से सुधार हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रम शक्ति भागीदारी की दर वर्ष 2017–18 में 50.7 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022–23 में 60.8 प्रतिशत हो गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह वर्ष 2017–18 में 47.6 प्रतिशत से बढ़कर 50.4 प्रतिशत हो गई है। इसी प्रकार, पुरुषों में यह दर वर्ष 2017–18 में 75.8 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022–23 में 78.5 प्रतिशत एवं महिलाओं में यह दर वर्ष 2017–18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022–23 में 37 प्रतिशत हो गई है। इसी प्रकार, भारत में 15 वर्ष एवं अधिक की आयु के नागरिकों के बीच कर्मचारी जनसंख्या अनुपात (Worker Population Ratio) में भी अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में कर्मचारी जनसंख्या अनुपात वर्ष 2017–18 के 48.1 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022–23 में 59.4 प्रतिशत हो गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अनुपात वर्ष 2017–18 के 43.9 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022–23 में 47.7 प्रतिशत हो गया है। पुरुषों के बीच यह अनुपात वर्ष 2017–18 के 71.2 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022–23 में 76 प्रतिशत हो गया है और महिलाओं में यह अनुपात वर्ष 2017–18 के 22 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022–23 में 35.9 प्रतिशत हो गया है। जब देश में श्रम शक्ति भागीदारी की दर एवं कर्मचारी जनसंख्या अनुपात में लगातार सुधार दिखाई दे रहा है तो स्वाभाविक रूप से भारत में बेरोजगारी की दर में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। उक्त सर्वेक्षण के अनुसार भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017–18 में 5.3 प्रतिशत थी जो वर्ष 2022–23 में घटकर 2.4 प्रतिशत रह गई है। वहीं शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर वर्ष 2017–18 के 7.7 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022–23 में 5.4 प्रतिशत पर आ गई है। पुरुषों के बीच बेरोजगारी की दर वर्ष 2017–18 के 6.1 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022–23 में 3.3 प्रतिशत हो गई है तो वहीं महिलाओं के बीच बेरोजगारी की दर वर्ष 2017–18 के 5.6 प्रतिशत से वर्ष 2022–23 में घटकर 2.9 प्रतिशत हो गई है। भारत में आज भी 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। अतः ग्रामीण क्षेत्रों में यदि रोजगार के नए अवसर अधिक मात्रा में निर्मित हो रहे हैं तो यह एक बहुत अच्छा सुधार है। इसी प्रकार, भारत में पुरुषों के बीच यदि बेरोजगारी की दर काफी कम हो रही है तो भारतीय महिलाओं को श्रम बाजार में उतरना ही होगा और ऐसा होता दिखाई भी दे रहा है, अतः यह भी एक उत्तम सुधार है। भारत में महिला शक्ति यदि श्रम बाजार में उतरती है तो भारत में मजदूरी की दरों को भी संतुलित रखा जा सकता है जिससे उत्पादों की लागत में तेज वृद्धि को रोका जा सकेगा और भारत में निर्मित उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लम्बे समत तक प्रतिस्पर्धी बने रह सकेंगे।



# पृथ्वी कितना झेलेगी अपना प्राकृतिक दोहन? विनाश की ओर बढ़ती पृथ्वी

**संजीव ठाकुर**

जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई–मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा। भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ–साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं।


# रीवा पुलिस द्वारा बैंक का कर्मचारी बनकर लोगों को कम ब्याज पर लोन दिलाकर उनका पैसा ठगने वाले गिरोह के चार आरोपियों को नोएडा एवं दिल्ली से गिरफ्तार कर 28 लाख रुपए किए गए बरामद



**पुष्पांजली टुडे रीवा**

घटना का संक्षिप्त विवरण- फरियादी कैलाश चंद्र निवासी जिला रीवा जो पेसे से शिक्षक हैं के मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया एवं फोन करने वाले व्यक्ति ने बोला मैं एचडीएफसी बैंक से बोल रहा हूं आपको 0त्र ब्याज पर लोन मिल रहा है। आवेदक को लोन का लालच देकर उसके बैंकिंग संबंधी आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड पैन कार्ड बैंक पासबुक फॉर्म नंबर 16 सैलरी स्लिप आदि दस्तावेज प्राप्त कर आवेदक को उसके बैंक खाते में लोन डिकर एवं उसके बैंक खाते में नेट बैंकिंग एक्टीवेट कर उसका एक्सेस अपने पास लेकर उसे राशि को अन्य खाते में ट्रांसफर कर निकाल लिया गया था।

**तरीका वारदात**–वारदात के तरीके के संबंध में पूछे जाने पर आरोपीय ने बताया कि हम एक दो तीन लोगों का एक गिरोह के रूप में घटना को संचालित करते हैं हमारी टीम का एक साथी विधिवत एक रजिस्टर बनाकर उसमें कस्टमर का मोबाइल नंबर लिखकर उसको फोन लगता है एवं उसकी कम ब्याज पर लोन दिलाने का लालच देता है कस्टमर की



सहमति मिलने पर उसके लोन प्राप्त करने में आवश्यक दस्तावेज कस्टमर से प्राप्त कर लेते हैं एवं उन दस्तावेजों का प्रयोग करके विभिन्न बैंकों में लोन के लिए अप्लाई कर लोन कर कर आवेदक के खाते में राशि आने का इंतजार करते हैं और इस अवधि के दौरान कस्टमर के मोबाइल पर फोन क्लोनिंग ऐप डाउनलोड कर देते हैं वह कस्टमर के खाते पर नेट बैंकिंग चालू कर कर उसका एक्सेस प्राप्त कर लेते हैं। कस्टमर की राशि प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के फर्जी बैंक खातों का उपयोग करते हैं लोन का पैसा कस्टमर के खाते में आ जाने के बाद उसे राशि को नेट बैंकिंग के माध्यम से वापस अपने पास एक्सेस प्राप्त खातों में ट्रांसफर कर लेते हैं एवं उसे राशि को एटीएम कार्ड का प्रयोग कर निकाल लेते हैं।

**जप्त मशरूका**--28 लाख रुपए नगद, 02 नग लैपटॉप,14 नग मोबाइल फोन, 07 नग फर्जी आधार कार्ड,04 नग क्रेडिट कार्ड,03 नग बैंक पासबुक

**गिरफ्तार आरोपी**- आमिर खान, राहुल देव शर्मा, फिरोज आलम, फराज।

**नारायण त्रिपाठी ने किया शक्ति प्रदर्शन**

# मैहर को जिला कमलनाथ ने बनवाया, BJP धोखा देने वाली पार्टी



**पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

मैहर।बीजेपी से इस्तीफा देने वाले विधायक नारायण त्रिपाठी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा मैं हमेशा विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ता हूं और जातिगत से अलग होकर मैदान में उतरता हूं आज मैं मैहर आया हूं। मैहर जिला बना मां शारदा के आशीर्वाद से मैहर के लोगों की ताकत से मैं लड़ाई लड़ा और मैहर जिला बन गया. अब चुनाव का मामला है। यही मेरी पार्टी है. यही मेरा दल है यही मेरा मैहर जिला है यही मेरा विंध्य प्रदेश है और यही ताकत है जिस तरीके से मैहर जिला बना है, उसी तरीके से विंध्य प्रदेश भी बनेगा।

**वीडी शर्मा को माफ किया**–बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी को पहचानने से इनकार कर दिया ऐसे में नारायण त्रिपाठी ने कहा वीडी शर्मा अंतर्राष्ट्रीय व्यक्ति हैं वह हमारे छोटे भाई जैसे हैं। उनसे मैं अनुभव में भी और पार्टी के संगठन में भी और निर्वाचित सदस्य में भी सीनियर हूं हो सकता है, वह हमें भूल गए हों और याददाश्त कमजोर हो गई हो भगवान उनको इसी तरह सद्बुद्धि दे और यही काम करें. हम उनको माफ करते हैं। मैं अपने राजनीतिक जीवन में माई शारदा की कसम खाता हूं कि जीवन में कभी कोई डील नहीं की मैंने जब भी डील की है तो मैहर के विकास की डील की है।

**कमलनाथ से व्यक्तिगत संबंध**–नारायण त्रिपाठी ने कहा मैंने दोनों को दल को छोड़ दिया और किसी में क्षमता है तो मुझसे डिबेट कर ले जिस दौरान पूरी दुनिया में लोग बिके होंगे, उस दौरान भी नारायण त्रिपाठी ईमानदारी से खड़ा रहा कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जी से मेरे व्यक्तिगत संबंध हैं। मुलायम सिंह मेरे राजनीतिक गुरु और मेरे आदर्श हैं। कमलनाथ की देन है कि मैहर जिला बना मैं डेवलपमेंट की बात करता हूं और जो भी मुख्यमंत्री बनता है, वह दल का नही पूरे स्टेट का बनता है। भारतीय जनता पार्टी का जो मुख्यमंत्री बनता है वह स्टेट का नहीं वह व्यक्तिगत बनता है।

**बीजेपी को धोखेबाज पार्टी बताया**–नारायण त्रिपाठी ने कहा जब शिवराज 2020 में मुख्यमंत्री बन रहे थे मैंने तब एक शब्द बोल दिया था 2023 तक भारतीय जनता पार्टी का एमएलए रहूंगा, लेकिन भारतीय जनता पार्टी में नहीं रहूंगा इसलिए कि उनके चाल, चरित्र, चेहरा और इनके छल, कपट, धोखा है. इससे मुझे नफरत है। इसलिए मैं इनसे अलग हुआ मेरा विंध्य प्रदेश का पुनर्निर्माण संकल्प है, जिसे मैं पूरा करूंगा और मैं दल की चिंता और टिकट की चिंता कभी नहीं करता विंध्य प्रदेश बनाना ही मेरा लक्ष्य है।

# पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन संपन्न

**पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। शहर में स्थित पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के हरदी परिसर में संभाग स्तरीय महिला कबड्डी तथा शहर में स्थित ऋतुराज पार्क में बास्केटबॉल का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग के खेलकूद गतिविधि कैलेंडर के आधार पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन पर आयोजित किया गया था आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञान प्रकाश पांडे अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग रीवा संभाग रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक बी त्रिपाठी ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर सीमा शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा के इस कार्यक्रम की विधवत शुरुआत की गई। उपस्थित अतिथियों को साल तथा श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।अतिथियों द्वारा उपस्थित खिला?ियों का उत्साह वर्धन किया गया तथा उज्जवल भविष्य की बधाई दी गई।खिलाड़ियों के परिचय के साथ आज का यह संभाग स्तरीय आयोजन प्रारंभ हुआ। महिला कबड्डी विजेता रीवा जिला रहा उपविजेता में शहडोल जिला रहा। चार टीमों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जबकि बास्केटबॉल में चार टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें विजेता के रूप में रीवा जिला तथा उप विजेता के रूप में सीधी रहा इस आयोजन के अंत में प्रथम तथा द्वितीय स्थान आने वाली टीमों को पुरस्कृत किया गया पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि इंजीनियर वीरेंद्र कुमार पांडेय वरिष्ठ समाजसेवी, डॉ पुष्पेंद्र पाण्डेय स्पोर्ट्स ऑफिसर सेमरिया महाविद्यालय के रूप में उपस्थित रहे आज की प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप मे रावेन्द्र सिंह विजय सिंह दिलीप सिंह अभिशार



पांडे रमन सिंह प्रांशु द्विवेदी हिमांशु पांडे विजय शंकर शुक्ला यूपीएस उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रदर्शन मुख्य प्रबंध संचालक द्वारा किया गया।आज के इस आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकों का विशेष योगदान रहा जिसमें मुख्य रूप से नरेंद्र पांडे, सरस्वती प्रसाद शुक्ला प्रतिज्ञा शर्मा अंकुर फाटक सिमरन चंददानी जय प्रकाश सोनी पंकज पटेल आदि प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक तथा खेल प्रेमी इस आयोजन में उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष अभय मिश्रा ने दिया भाजपा से इस्तीफा




**पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। पूर्व विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिया भाजपा से इस्तीफा, वापस कांग्रेस में हुए शामिल हो गये है। दो महीने पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक अभय मिश्रा का फिर पार्टी से मोहभंग हो गया। उन्होंने बुधवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को इस्तीफा भेज दिया। 2008 में अस्तित्व में आई सेमरिया विधानसभा क्षेत्र से पहली बार भाजपा की टिकट से अभय मिश्रा विधायक बने थे। जबकि 2013 में उनकी पत्नी पुनः भाजपा के टिकट से सेमरिया से ही विधायिका चुनी गई थी। 2018 के चुनाव में अभय मिश्रा ने भाजपा छो?कर रीवा विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर भाजपा के विरूद्ध चुनाव ल?ा था। जिसमें उन्हें पराजय का सामना करना प?ा था। इसी साल 11 अगस्त को उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली थी। बुधवार को ही विंध्य में कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए पूर्व विस अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी के पोते सिद्धार्थ भाजपा में शामिल हो गए। एक माह पहले ही दिया था कांग्रेस से इस्तीफा अभय मिश्रा ने एक माह पूर्व उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली थी। उस समय उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि कांग्रेस की रीति-नीति उन्हें अच्छी नहीं लगती है। हालांकि उन्होंने यह भी दावा किया था कि उन्हें टिकट के लिए पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस, कमलनाथ द्वारा इशारा किया गया था। इसके बावजूद वह भाजपा की सदस्यता ले लिये थे। सदस्यता के दौरान उनकी पत्नी व पूर्व विधायक नीलम मिश्रा भी भाजपा में आ गई थी। जिसे लेकर अटकलें लगाई जा रहीं थी कि सेमरिया विधानसभा में चेहरे का बदलाव होगा

# रीवा में दल बदल का दौर जारी, पूर्व विस अध्यक्ष के पोते ने छोड़ी कांग्रेस, बीजेपी का थामा दामन



**पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। चुनावी सीजन में नेताओं का पाला बदलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है... अब एमपी में कांग्रेस को झटका देने वाली खबर सामने आई है... दरअसल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी के पोते सिद्धार्थ राज तिवारी बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए... भोपाल में ङ्कक्क कार्यालय में उन्होंने सदस्यता ली... सिद्धार्थ कांग्रेस के टिकट पर रीवा से लोकसभा का चुनाव ल? चुके हैं.... वे रीवा की त्योंथर सीट से कांग्रेस का टिकट मांग रहे थे.... कांग्रेस ने यहां से रमाशंकर सिंह पटेल को उम्मीदवार घोषित कर दिया है... सिद्धार्थ तिवारी ने बुधवार सुबह राजधानी में भाजपा के प्रदेश दफ्तर पहुंचे और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली... सिद्धार्थ तिवारी कांग्रेस के दिग्गज नेता और बरसों तक विधानसभा अध्यक्ष रहे स्व. श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी के पोते हैं... 2019 में कांग्रेस ने उन्हें रीवा लोकसभा सीट से कांग्रेस का टिकट दिया था... लेकिन वो चुनाव हार गए थे... सिद्धार्थ तिवारी के बीजेपी में शामिल होने की अटकलें कई दिन से चल रही थीं. बीजेपी में शामिल होने के बाद सिद्धार्थ तिवारी ने कहा बीजेपी और मोदी जी की विचारधारा को अपनाते हुए बीजेपी मे शामिल हो रहा हूँ... देश और प्रदेश का जो विकास जो हुआ है उसके कारण मैं बीजेपी में शामिल हो रहा हूं... आज देश भक्त युवा यही बोलेगा कि मोदी जी के नेतृत्व मे देश आगे ब? रहा है।



# मऊगंज को जिला घोषित करने के बाद सीएम शिवराज सिंह का 22 अक्टूबर 23 को नवीन जिले में हो रहा प्रथम आगमन ..

**पुष्पांजली टुडे रीवा**
**पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)**

**सीएम शिवराज मऊगंज विधानसभा के हनुमना (अर्जुनपुर) में वर्तमान क्षेत्रीय विधायक और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप पटेल के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को करेंगे सम्बोधित..**

# साथी पर हमले से गुस्साए मजदूरों का उपद्रव, पथराव किया, पुलिस पर डंडों से हमला, 3 TI सहित कई पुलिसकर्मी घायल

**पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।**शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बवाल के बाद तनाव व्याप्त है. यहां रोज के तरह काम की तलाश में सैकड़ों मजदूर एकत्रित थे. इसी दौरान पास में ही संचालित आस्था मेडिकल स्टोर के सुरक्षा कर्मी और मजदूर के बीच कहासुनी हो गई. इसी दौरान सुरक्षा गार्ड ने मजदूर पर डंडे से हमला कर दिया. डंडे के वार से मजदूर का सिर फट गया. वह लहूलुहान हो गया. घटना से गुस्साए अन्य मजदूर आक्रोशित हो गए और उन्होंने मेडिकल स्टोर पर पथराव कर दिया. पास ही खड़ी एक कार को मजदूरों ने आग के हवाले कर दिया.पुलिस वालों पर हमला ऱ्सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस फोर्स पहुंची और आक्रोशित मजदूरों को समझाने का काफी प्रयास किया. लेकिन बेकाबू भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर ही पत्थरबाजी शुरू कर दी. बीचबचाव कर रहे सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रूपलाल उइके, सिविल लाइन





थाना प्रभारी संतोष पंद्रे, चोरहटा थाना प्रभारी श्रंगेश राजपूत समेत एक स्ढ्ढ और अन्य पुलिसकर्मी पर मजदूरों ने डंडों से हमला कर दिया. हमले में ये सारे पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल पुलिस के वाहन से अस्पताल ले जाया गया.सीसीटीवी से उपद्रवियों की शिनाख्त ऱ्गार्ड के हमले में घायल हुए मजदूर ने बताया कि रोज की तरह बुधवार को वह अन्य मजदूरों के साथ ढेकहा तिराहे में खड़ा हुआ था. तभी मेडिकल स्टोर के सुरक्षाकर्मी ने उसे वहां से हटने के लिए कहा. इसी को लेकर विवाद शुरू हुआ. फिर उसने उस पर डंडे से हमला कर दिया. वहीं, भारी बवाल के बाद मौके पर पुलिस अधिक्षक विवेक सिंह पहुंचे. एसपी विवेक सिंह ने कहा छ्वष्टञ्जङ्क फुटेज के माध्यम से घटना की जांच कराई जाएगी. कुछ उपद्रवियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

# मऊगंज में 227888 मतदाता करेंगे उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला

**पुष्पांजली टुडे**
**पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)**

मऊगंज। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए तैयारियाँ की जा रही हैं। विधानसभा क्षेत्र मऊगंज में 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन कर दिया गया है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 मऊगंज में कुल दो लाख 27 हजार 888 मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें एक लाख 18 हजार 883 पुरूष मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या एक लाख नौ हजार चार है। थर्ड जेंडर का एक मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र में पहली बार मतदान कर रहे युवा मतदाताओं की संख्या 8 हजार 141 है। विधानसभा क्षेत्र में 578 दिव्यांग तथा चार हजार 179 मतदाता 80 वर्ष से अधिक आयु के हैं। इन्हें मतदान की सुविधा देने के लिए 251 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतदान 17 नवम्बर को कराया जाएगा।

# कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने ली एसडीएम और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक

दैनिक पुष्पांजली टुडे

### क्रिटिकल और वेलनरेबल मतदान केंद्रों के संबंध में बैठक आयोजित


### शांतिपूर्ण, भयमुक्त और पारदर्शिता के साथ चुनाव कराना ही प्राथमिकता



**भिण्ड ।** कलेक्टर परिसर सभा गृह में आयोजित बैठक में कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने सभी एसडीएम, सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी के बीच समन्वय के साथ काम होना चाहिए इसके लिए आवश्यक है कि सभी अधिकारी एक दूसरे के नंबर फीड कर लें और एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आपस में समन्वय के साथ जु? रहें। क्रिटिकल और वेलनरेबल मतदान केंद्रों के संबंध में बैठक में बताया गया, इसकी पुनः समीक्षा की जाए और आवश्यक होने पर कुछ और मतदान केंद्र भी इस श्रेणी में लाए जा सकते हैं। इन सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी लगाए जायेंगे। जिनकी कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग भी की जाएगी। इससे किसी भी विधानसभा क्षेत्र में यदि कोई घटना हो रही है तो उसके संबंध में जानकारी सभी लोगों को संयुक्त रूप से सूचना उपलब्ध हो जाए जिससे कि अन्य विधानसभा में भी जरूरी आवश्यक कदम उठाए जा सकें।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भिण्ड जिले में निष्पक्ष रूप से शांतिपूर्ण और पारदर्शी के साथ चुनाव करना हम सभी की प्राथमिकता है इसके लिए हमें जो भी आवश्यक कदम उठाने होंगे उसको अनिवार्य रूप से उठाए जाएं। सभी विधान सभा क्षेत्र में समय-समय पर फ्लैग मार्च किया जाए और मतदाताओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए लगातार सतत् रूप से संपर्क बनाए रखा जाए। मतदान प्रतिशत ब?ाने के लिए जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को अलग-अलग बूथ पर तैनात किया गया है जिससे वह वहां के मतदाताओं से संवाद स्थापित करेंगे और मतदान प्रतिशत ब?ाने के लिए आवश्यक उपाय करेंगे।पुलिस अधीक्षक असित यादव ने कहा कि पुलिस अधिकारी भी लगातार तैनात रहेंगे। सभी सर्विलांस टीम और एफएसटी टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई भी करें और निरंतर जांच भी करते रहें। कहीं भी कोई भी यदि ऐसी घटना संज्ञान में आती है तो उसके लिए तुरंत ही अपने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना के संबंध में सूचित करें। यह सुनिश्चित करें कि सभी लायसेंसी हथियार समय पर थाने में जमा हो चुके हों यदि किसी के हथियार अभी भी जमा होने से बचे हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की भी शुरुआत की जावे।संपत्ति विरूपण अधिनियम के संबंध में भी जिलाधीश श्री श्रीवास्तव ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सार्वजनिक, निजी जगहों पर बिना अनुमति के कोई भी बैनर पोस्टर ना लगें बिना अनुमति के कोई भी वाहन चुनाव प्रचार में नहीं लगाया जाएगा। सभा, रैली के लिए अनुमति पूर्व में लेना होगी इसके लिए संबंधित एसडीएम या एडीएम से संपर्क किया जा सकता है 21 तारीख से अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन फार्म जमा होने की कार्रवाईयां शुरू होंगी। इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाने हैं सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ आम जनता को परेशानी से बचने के लिए भी ट्रैफिक व्यवस्था को भी प्लान किया जाएगा। बैठक में एडीएम राजकुमार खत्री,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक,सभी एसडीएम,उप पुलिस अधीक्षक, थानेदार और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीरवी छात्रावास, उदयपुर के निर्माण हेतु सहयोग की घोषणा

दैनिक पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा



**उदयपुर ।** उदयपुर छात्रावास कमेटी के अध्यक्ष महोदय, सरल स्वभाव के धनी, शिक्षाप्रेमी, निस्वार्थ समाजसेवी रामलाल सैणचा, गाँव रामपुरा, खैरवा पाली हाल दिव्या सॉल्ट, गांधीधाम, गुजरात ने सीरवी छात्रावास हेतु खरीदी गई लगभग 3 बीघा भूखंड का यु आई टी उदयपुर के आवासीय कन्वर्ट व विकास शुल्क के 46 लाख रुपये भरने में 5,00,000/- का आर्थिक सहयोग किया, साथ ही छात्रावास निर्माण में अपनी तरफ से एक कमरे की घोषणा भी की तथा भविष्य में इस हेतु बड़ी घोषणा करने का आश्वासन देकर अपने अध्यक्षीय दायित्व को भली भांति दायित्व निभाया। उम्र के इस पडाव में भी रामलाल बासा के समाज विकास व शिक्षा के प्रति निस्वार्थ सेवाभाव व समाज के प्रति समर्पण हम सबको भी प्रोत्साहित व प्रेरित करते हैं , आप जरूरत मंद व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों का, चिकित्सा में जरुरत मंद भाई की हमेशा मदद मे सबसे आगे रहते आये है! आपने हरिद्वार, उज्जैन में समाज भवन खरीदने व उनका विकास करने में अग्रणी भूमिका निभाई है तथा हमेशा ही तन मन धन से समाज हित के हर काम में आगे रहकर निस्वार्थ सहयोग किया है, आप समाज रत्न हैं और हमें गर्व हैं कि समाज के हर सामाजिक उत्थान के कार्य में हमेशा अग्रणी रहने वाले आप जैसे महापुरुष का आशीर्वाद उदयपुर छात्रावास को भी मिल रहा है, आशा है रामलालजी सैणचा के सानिध्य में छात्रावास का निर्माण कार्य बहुत जल्द शुरू होगा, जिसमें समाज का अंतिम पंक्ति पर खडा युवा बंधु भी आगे बढ सके।

### उम्मीदवार को नामांकन पत्र के साथ जमा करना होगा शपथ पत्र

# रिटर्निंग आफीसरों को दिया गया नामांकन पत्र के संबंध में प्रशिक्षण

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना 18 सतना और मैहर जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी की जायेगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दखिल करने प्रक्रिया आरंभ होगी। जिला मुख्यालय सतना में सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों सतना, मैहर, रैगांव, नागौद, अमरपाटन, चित्रकूट और रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्रों के लिए कलेक्ट्रेट में बनाये गये रिटर्निंग ऑफीसर के कक्षों में अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र दाखिल किये जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में रिटर्निंग आफीसर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफीसर्स को नामांकन पत्र दाखिल करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झा?, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि पवार, रिटर्निंग ऑफीसर जीतेंद्र वर्मा, सुरेश गुप्ता, सुरेश जादव, आरती यादव, नीरज खरे, आरएन खरे, एपी द्विवेदी, मास्टर ट्रेनर डॉ बीके गुप्ता भी उपस्थित थे। ।क्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने कहा कि सभी रिटर्निंग आफीसर नामांकन पत्र प्राप्त करते समय सामान्य रूप से उसकी जाँच कर लें। आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक अभिलेखों एवं शपथ पत्र के साथ ही नामांकन पत्र स्वीकार करें। नामांकन पत्र दाखिल करते समय रिटर्निंग आफीसर कक्ष में उम्मीदवार सहित केवल 5 व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अवश्य कराएं। की जायेगी। अभ्यर्थी को नामांकन नवीन संशोधित फॉर्म-26 में शपथ पत्र के साथ भरना होगा। न्होने कहा कि नामांकन पत्र में प्रारंभिक तौर पर किसी तरह की कमी दिखाई देने पर उसकी




नामांकन पत्र के साथ दाखिल उम्मीदवार के शपथ पत्र को उसी दिन सूचना पटल पर प्रकाशित कराएं। सभी रिटर्निंग आफीसर नामांकन पत्र ऑनलाइन दर्ज करने के लिए अलग से कर्मचारी तैनात करें। नामांकन पत्रों के दाखिल होने की पूरी जानकारी प्रतिदिन जिला निर्वाचन कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने के स्थल पर निक्षेप राशि जमा कराने की समुचित व्यवस्था रखें। इस बार निक्षेप राशि एमपीटीसी से नहीं जमा पूर्ति उम्मीदवार से अवश्य करवाएं। नामांकन पत्र दाखिल कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का कठोरता से पालन करें। बैठक में मास्टर ट्रेनर डॉ बीके गुप्ता ने नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया, संवीक्षा, नाम वापसी, प्रतीक आवंटन, अभ्यर्थी की अर्हतायें, निर्हतायें के संबंध में बिन्दुवार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र के साथ शपथ पत्र देना अनिवार्य है। नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग ऑफीसर के समक्ष शपथ भी लेनी होगी। उन्होने बताया कि नामांकन के अंतिम दिन दोपहर 3 बजे तक इकट्ठे प्राप्त होने वाले सभी नामांकनों में 3 बजे का ही उल्लेख किया जायेगा। संवीक्षा के बारे में उन्होने बताया कि संवीक्षा की कार्यवाही रिटर्निंग ऑफीसर स्वयं करेंगे और कार्यवाही का लिखित रिकॉर्ड रखेंगे। संवीक्षा के दौरान अभ्यर्थी स्वयं और उसका एक प्रस्तावक, निर्वाचन अभिकर्ता तथा एक अन्य व्यक्ति मिलाकर कुल 4 लोग ही आरओ कक्ष में उपस्थित रह सकेंगे। संवीक्षा दिवस में प्रस्तावक को नामांकन पत्र में हस्ताक्षर करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। संवीक्षा के उपरांत प्रारुप-4 में अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जायेगी। नामांकन के लिये अभ्यर्थी की फोटो नवीनतम 3 माह की होनी चाहिये। जो सफेद बैकग्राउंड में और खुली आंख वाली स्पष्ट होनी चाहिये। अभ्यर्थी की फोटो काला चश्मा, टोपी पहनकर नहीं खिंचाना चाहिये। शपथ पत्र में उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता, बैंकों में जमा राशि, चल-अचल सम्पत्ति, आपराधिक रिकार्ड तथा परिवार के सदस्यों की परिसम्पत्तियों एवं देनदारियों का विवरण देना आवश्यक है। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के उम्मीदवार के लिए केवल एक प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। अन्य दलों के उम्मीदवारों एवं निर्दलीय उम्मीदवारों के लिए 10 प्रस्तावक होना आवश्यक है। प्रस्तावक उसी विधानसभा क्षेत्र का होना चाहिए जिसके लिए उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

# जोधाराम चौधरी,आर एल पी प्रत्याशी का कर्नाटक पटेल भवन बेंगलूर में छतीष कौम की तरफ से सम्मान किया गया।



दैनिक पुष्पाजंली टुडे

बेंगलूरू। सिवाना विधानसभा क्षेत्र के आर.एल.पी. पार्टी के प्रत्याशी जोधाराम चौधरी की जन संपर्क सभा का आयोजन, कर्नाटक पटेल भवन बेंगलूर मे रखा गया। जोधाराम चौधरी ने संबोधित करते हुए, छतीष कौम को दोनो हाथ जोड़कर निवेदन किया कि आप सभी राजस्थान पधारकर, आर.एल.पी. पार्टी का चुनाव चिन्ह बोतल पर निशान लगाकर विजयी बनाए। मै और पार्टी अध्यक्ष, सांसद हनुमान बेनीवाल व हमारी आर.एल.पी. पार्टी हमेशा आपकी सेवा मे तत्पर रहेगी। आप एक बार सेवा का अवसर प्रदान करे। इस आयोजन मे सिवाना विधानसभा क्षेत्र की छतीष कौम के प्रवासी बंधुओ ने बढ़चढ़कर भाग लिया और भरपूर समर्थन का आश्वासन दिया। इस शुभ अवसर पर समदडी से हुकमीचंद जैन साहब ने भी संबोधित किया और सरल स्वभाव के प्रत्याशी जोधाराम को समर्थन देकर विजयी बनाने का अनुरोध किया। प्रवीण, विनोद व अन्य समस्त छतीष कौम की तरफ से प्रत्याशी जोधाराम चौधरी का बहुमान किया गया व पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। पटेल समाज बैंगलोर के अध्यक्ष दुर्गाराम करड, उपाध्यक्ष कलाराम ओड, सचिव भीमाराम भूरिया, कोषाध्यक्ष मंगलाराम भाचरणा और पटेल समाज के गणमान्य बंधुओ ने भाग लिया और बहुमान किया तथा पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

# कलेक्टर ने अवैध रेत खनन पर की छापामार कर्रवाई

### ग्राम खैरोली में स्कॉर्पियो,लोडर एवं पनडुब्बी जप्त की

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने सूचना मिलने पर विकासखंड मेहगांव के ग्राम खैरोली में छापामार कार्रवाई कर सिंध नदी के किनारे रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लगी एक पनडुब्बी, एक स्कॉर्पियो और एक लोडर को मौके पर जप्त कराई गई।कलेक्टर श्री श्रीवास्तव सूचना मिलने पर कार्यालय से रवाना हुए और मेहगांव तहसील के ग्राम खैरोली में पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान देखा की मौके पर रेत का बिना अनुमति खनन कार्य मौके पर किया जा रहा है। तुरंत ही खनन



अधिकारी को मौके पर बुलाया और सभी समान जप्त करने के निर्देश माइनिंग इंस्पेक्टर को दिए। सभी समान को जप्त कर खनिज अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।कलेक्टर ने जिला खनिज विभाग अधिकारियों को निर्देशित कर कहा कि अवैध माइनिंग पर कार्रवाई निरंतर जारी रहना चाहिए, जिले में कहीं भी अवैध माइनिंग नहीं होनी चाहिए, इस प्रकार का मामला सामने आने पर जप्ती कर खनिज नियम के तहत् तत्काल कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

# संत महात्माओं के दर्शन से इंशान के पापो का नाश होता है। संत कल्याणदास



दैनिक पुष्पाजंली टुडे

मैसूर. नजरबाद महिला भजन मंडली की ओर से तथा जोधपुर के सूरसागर स्थित बड़ा राम द्वारा के संत कल्याणदास महाराज के सान्निध्य में नवरात्रि पर्व मनाते हुए भजन संकीर्तन किया गया द्य संत ने अपने प्रवचन में बताया कि दीन-दुखीयो की सेवा करना सबसे श्रेष्ठ कार्य हैं द्य याचक को अपने हाथों से कुछ दान-दक्षिणा में कुछ धन देने से वह अंतरमन से आशीर्वाद देता है द्य भगवान का सदा स्मरण करने से अपनी आत्मा का कल्याण होता है द्य चौरासी लाख योनि में मानव जन्म ही सबसे श्रेष्ठ है द्य इस धरती पर एक मानव मात्र ही कमाता है,मगर भगवान किसी भी जीव को भूखा सोने नहीं देता द्य संत महात्माओं के दर्शन से इंसान के पाप कर्मो का नाश होता हैं द्य सनातन हिंदू धर्म के प्रति हमें सदा निष्ठावान रहना चाहिए द्य सनातन धर्म की रक्षा के लिए स्वर्ग से कई देवी देवताओं में इस धरती पर अवतार लिया है द्य इस स्वार्थ की दुनिया में कोई किसी का नहीं है, आपके सद कर्म अपने साथ चलेंगे द्य अपने घर में रामायण व अन्य ग्रंथ रखना चाहिए द्य जिसका नित्य नमन करना चाहिए द्य ग्रंथ पढ़ने से सकारात्मक विचार व ऊर्जा आती है द्य महिला भजन मंडली ने मधुर भजनो की प्रस्तुति दी द्य इस अवसर पर पारिक समाज,मैसूरु के सचिव पंकज पारिक,राजस्थान विष्णु सेवा ट्रस्ट नवयुवक मंडल अध्यक्ष पृथ्वी सिंह चांदावत,भवानी सिंह मेव,विक्रम सिंह,धिरज सिंह, चंद्रवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में महिला मंडली की सदस्या उपस्थित रही

# विधानसभा चुनाव में अपराधियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर पुलिस अधीक्षक भिण्ड

### नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव पत्रकारों से हुए रुबरु




उमाकान्त शर्मा दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड -नवागत पुलिस अधीक्षक असित यादव कार्यभार सम्भालने के बाद पत्रकारों से रूबरू हुए। बातचीत के दौरान उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण व भयमुक्त करवाने की पुलिस प्रशासन की पूरी कोशिश रहेगी।आपको बता दें कि पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन आयोग से की गई शिकायत के आधार पर भिण्ड जिले से पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को हटा कर 2011 बैच के आईपीएस अफसर असित यादव को पुलिस अधीक्षक भिण्ड नियुक्त किया गया है।नवागत पुलिस अधीक्षक डॉ.असित यादव ने समस्त जिले के पत्रकारों के साथ पुलिस कंट्रोलरूम मैं मीटिंग के दौरान कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा निर्वाचन 2023 सम्पन्न कराने के एवं प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ एनएसए एवं जिला बदर सहित अन्य प्रतिबंधात्मक धाराओं में सख्त कार्वाई की जाएगी उन्होने कहा निर्वाचन की सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए अपने अपने काम को बडे ही ईमानदारी से करे जिससे आम मतदाताओं में विश्वास कायम हो और वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला नाकों पर 24 घंटे विशेष निगरानी रखी जाएगी। धन, मदिरा, अन्य मादक पदार्थ, अवैध हथियारों और आपत्तिजनक सामग्री अभियान चलाकर जब्तकरें। जिले के सभी थाना प्रभारी पूरी तरह मुस्तैद व सतर्क होकर काम करें।

# कम्युनिकेशन प्लान से मिलेगी समय पर सूचना

### हर सूचना पर तत्काल करें कार्यवाही-कलेक्टर

**रीवा** ....क्टू मतदान दिवस में निर्वाचन से जुडी प्रत्येक घटना की सूचना के लिए कम्युनिकेशन प्लान बनाया गया है। इसमें तैनात कर्मचारियों को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि कम्युनिकेशन प्लान के सभी नम्बरों का परीक्षण मतदान दिवस से पहले अनिवार्य रूप से कर लें। लगभग सभी मतदान केन्द्रों में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा है। जिन मतदान केन्द्रों में अभी मोबाइल नेटवर्क कमजोर है वहां वायरलेस सेट के माध्यम से सूचना देने की व्यवस्था करें। मतदान दिवस के पूर्व कम्युनिकेशन प्लान के लिए तैनात कर्मचारी बीएलओ से अनिवार्य रूप से सम्पर्क करें। उन्हें मोबाइल से संदेश प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दें। मतदान दल के सदस्य भी एनआईसी के माध्यम से विकसित किए गए विशेष कम्प्यूटर प्रोग्राम में मोबाईल से एसएमएस के माध्यम से संदेश भेजेंगे। इन संदेशों का तत्काल विश्लेषण करके उनके अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें।प्रशिक्षण देते हुए जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे ने कहा कि सभी सेक्टर आफीसर मतदान दल के कर्मचारियों एवं बीएलओ के मोबाइल नम्बरों की सूची दल अपने पास रखें। इसके लिए बार-बार कम्प्यूटर का उपयोग न करें। कम्प्यूटर में मतदान दलों से प्राप्त जानकारी का लगातार विश्लेषण करें। जिस मतदान केन्द्र से जानकारी निर्धारित समय पर प्राप्त नहीं होती है उसे फोन से तत्काल सूचित करें। प्रशिक्षण में अनुविभागीय अधिकारी वन ने कम्युनिकेशन प्लान के लिए किए गए प्रबंधों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन संबंधी जानकारियाँ देने के लिए विधानसभावार दल तैनात किए गए हैं।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्यवाही

# थाना बिजौली पुलिस द्वारा लापता दो नाबालिग बालिकाओं को 24 घण्टे के अंदर सकुशल किया दस्तयाब

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर ग्वालियर जिले में गुम बालक बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु ''ऑपरेशन मुस्कान'' चलाया जा रहा है। जिले में पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे के निर्देश पर गुम बालक/बालिकाओं की पतारसी हेतु अन्य जिलों व राज्य के बाहर पुलिस टीमें भेजी जा रही है। इसी तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक शहर उत्तर श्री अमृत मीना द्वारा अपने अधीनस्थ सभी थाना प्रभारियों को गुमशुदा नाबालिग बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशों के पालन में एसडीओपी बेहट श्री संतोष कुमार पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिजौली निरी0 मनीष धाक? द्वारा थाना क्षेत्र से गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु एक टीम गठित की गई। दिनांक 17.10.2023 को फरियादी फेरन सिंह ने अपने पडोसी बसंत जाटव निवासीगण ग्राम बिजौली ग्वालियर के साथ थाना में रिपोर्ट की गई कि सुबह 10 बजे मेरी बेटी उम्र 14 बर्ष पडोस में रहने वाले बसंत जाटव की बेटी के साथ पढने के लिये स्कूल गई थी, लेकिन शाम तक घर नही आई तो मैने पडोसी बसंत जाटव से पूछा तो उसने बताया कि मेरी बेटी भी स्कूल से नही आई है। जब हमने स्कूल में अध्यापक से सम्पर्क किया तो उन्होने बताया कि दोनो बच्चियां आज स्कूल आई ही नही है। हमने अपने रिश्तेदारों से भी तलाश किया परन्तु दोनो बच्चियों का कुछ पता नही चला मुक्षे शक है कि कोई अज्ञात व्यक्ति हमारी बच्चियों को बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर से थाना बिजौली में अप0क्र0-243/23, 244/23 धारा 363 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना बिजौली पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान संदेहियों से पूछताछ कर एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर ज्ञात हुआ कि दोनों नाबालिग बालिकायें ग्वालियर किले पर गई हैं। जिस पर से पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुये दिनांक 18.10.2023 को ग्वालियर किले से दोनो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया जाकर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। दोनों नाबालिग बालिकाओं के परिजनों ने पुलिस की तत्काल कार्यवाही की सराहना करते हुये आभार व्यक्त किया।

**सराहनीय भूमिका:-** उक्त लापता नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब करने में थाना प्रभारी बिजौली निरी0 मनीष घाक?, सउनि0 मनोज शर्मा, उदय प्रताप सिंह चौहान, प्र.आर0 वीरेन्द्र राजपूत, बदन सिंह, आर0 विष्णु जाट, नरेन्द्र सिंह, म.आर0 आशा, रूचि लोधी, आर0 चालक मानसिंह सैनिक केन्द्र सिंह राजपूत की सराहनीय भूमिका रही है।

भाजपा नेता नें सीएमओ की बेटी को दी रेप कि धमक

# नगर पंचायत पथरिया अध्यक्ष के भतीजे ने महिला सीएमओ को धमकाया,सीएमओ ने कि एसपी ऑफिस में शिकायत

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** जिले कि नगर पंचायत पथरिया में सीएमओ के पद पर कार्यरत ज्योति सुनहरे को नगर पंचायत अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा के भतीजे आशीष उर्फ सोनू विश्वकर्मा ने धमकी दी है। आरोपी ने सीएमओ की 6 साल की बेटी के रेप करने की भी धमकी दी है। फोन पर मिली इस धमकी के बाद सीएमओ ने कलेक्टर को इस मामले की जानकारी दी और उसके बाद एसपी कार्यालय में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है।

**क्या है पूरा मामला**–सीएमओ ज्योति ने बताया कि बुधवार को वह जिला मुख्यालय पर चुनावी प्रशिक्षण के लिए आई थी, तभी उन्हें एक अननोन नंबर से नगर पंचायत अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा के भतीजे आशीष ने फोन पर गालियां दी और धमकी देने लगा। इतना ही नहीं उसने मेरी 6 साल की बेटी के साथ रेप करने की भी धमकी दी है। मैंने इसकी शिकायत कलेक्टर मयंक अग्रवाल से की और अब एसपी कार्यालय में आकर आवेदन दिया है। आरोपी आशीष पहले



से आपराधिक मामलों में शामिल है। उसके ऊपर जिलाबदल की कार्रवाई भी की गई है, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के कारण उसे जिला बदल नहीं किया जा रहा है ज्योति नें बताया कि जब से सीएमओ का कार्यभार संभाला है, तभी से अध्यक्ष के अनैतिक कार्यों पर रोक लगी हुई। इसी बात से अध्यक्ष का पूरा परिवार गुस्से में है। कुछ माह पहले नगर पंचायत में पथरिया विधायक रामबाई परिहार और नगर पंचायत अध्यक्ष के भाई के बीच विवाद हुआ था, जिसके वीडियो वायरल हुए थे। इस मामले में सीएमओ नें पुलिस में जो लिखित आवेदन दिया था उस आवेदन में बताया गया था कि नगर पंचायत अध्यक्ष के भाई आए दिन कार्यालय पहुंचते हैं और शासकीय कार्य में व्यवधान पैदा करते हैं। इसी बात से नगर पंचायत अध्यक्ष का पूरा परिवार मुझसे खफा है और इसी कारण वह मुझे लगातार प्रताड़ति कर रहे हैं, लेकिन आज उन्होंने जो धमकी दी है उसे मैं भी डर गई हूं। इसलिए मैं चाहती हूं कि प्रशासन आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करें और मुझे सुरक्षा उपलब्ध कराये । इस मामले में एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा ने सीएमओ से आवेदन लेने के बाद उन्हें उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# पोस्ट आफिस की लाइन से वृद्धा का थैला काटकर महिलाएं चोरी कर ले गई 98 हजार रुपये



ग्वालियर। बाजार में भीड़ बढ़ते ही अब हर बार की तरह महिला चोर गैंग सक्रिय हो गई है। दो महिला चोरों ने महाराज बाड़ा स्थित डाकघर के अंदर से वृद्धा का थैला काटकर 98 हजार रुपये चोरी कर लिए। वृद्धा ने पेंशन में से रुपये बचा-बचाकर इकठ्ठे किए थे। यही रुपये वह जमा करने के लिए गई थी, इसी दौरान चोरी हो गई।इससे पहले महिला का बैग काटकर सवारी वाहन में से गहने चोरी हुए थे। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने एफआइआर तो दर्ज कर ली है, लेकिन महिलाार्गव पेंशनर हैं। उन्हें पेशन से जो रुपये मिलते थे, उनमें से वह हर महीने 2 से 3 हजार रुपये बचाती थी। इस तरह उन्होंने 98 हजार रुपये जोड़ लिए। 98 हजार रुपये जमा करने के लिए बुधवार को वह डाक घर गई थी। महाराज बाड़ा स्थित डाकघर में उनका बचत खाता है। इसमें रुपये जमा करने के लिए वह लाइन में लग गईं। जब उनका नंबर आया तो थैले में कट लगा था, इसमें रखे 98 हजार रुपये गायब थे। यहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाली थाने की फोर्स पहुंची, इस मामले में एफआइआर दर्ज की गई।

**पीछे खड़ी थीं महिला चोर, थैले पर हाथ लगाया**–वृद्धा ने थाने में बताया कि पीछे दो महिलाएं खड़ी थी। यह महिलाएं हाथ में थैला लिए हुए थीं। बैंक के अंदर ग्राहक बनकर आई थीं। वह थैले से सटकर खड़ी हो रही थीं। वृद्धा इस दौरान समझ नहीं पाई और महिलाएं रुपये चोरी कर ले गईं। हर साल नवरात्र से लेकर दीपावली तक महिला चोर गैंग सक्रिय हो जाती है। यह महिला चोर बाजार और सवारी वाहनों में चोरी करती हैं। यहां महिलाएं, बुजुर्ग महिला चोरों के राडार पर रहती हैं। इस समय बाजार में त्योहार और शादियों की खरीदारी सबसे ज्यादा होती है, इसलिए महिला चोर सक्रिय रहती हैं। महिला चोर गैंग बाहर से आती है, यह समूह में बाजारों में घूमती हैं। ग्राहक बनकर दुकानों में पहुंचती हैं।



# रेलवे ने कुली शुल्क में किया बदलाव, ग्राउंड और फुटओवर ब्रिज पर चार्ज अलग

**व्हील चेयर या स्ट्रेचर के लिए चार कुलियों के इस्तेमाल पर ग्राउंड लेवल पर 220 रुपए और फुटओवर ब्रिज के इस्तेमाल पर 270 रुपए देने होंगे। ये व्यवस्था झांसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, मुरैना, बांदा, चित्रकूट धाम कर्वी, ललितपुर, बबीना, महोबा, उरई, खजुराहो, दतिया, डबरा, मऊरानीपुर, हरपालपुर आदि स्टेशनों पर लागू कर दी गई है।**

# अब नए स्वरुप में बुंदेलखंड का लोकप्रिय डिजिटल प्लेटफार्म बुंदेलखंड 24×7

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे



दमोह। अनूठी कला-संस्कृति और सभ्यता के लिए अपनी अलग पहचान रखने वाले बुंदेलखंड का लोकप्रिय और नंबर वन डिजिटल न्यू? प्लेटफार्म बुंदेलखंड 24×7, 16 अक्टूबर से अपने नए अवतार में नजर आने के लिए पूरी तरह तैयार है. सोमवार से चैनल बुंदेलखंड के सभी जिलों में अपने स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ, जनता और सरकार के बीच एक ब्रिज का काम करते हुए, स्वतंत्र बुंदेलखंड, सफल बुंदेलखंड के ध्येय के साथ एक नई शुरुआत करने जा रहा है. नए जोश व उत्साह के जरिए नई पारी का आगाज करने जा रहे चैनल के लिए बुंदेलखंड की मशहूर हस्तियों जैसे भाभीजी घर पर हैं फेम रोहिताश गौ?, बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष व अभिनेता राजा बुंदेला, महाराणा प्रताप फेम फैजल खान, बुंदेली अभिनेता व निर्देशक आरिफ शह?ली आदि शख्सियतों ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।इस बारे में बात करते हुए चैनल फाउंडर अतुल मलिकराम ने कहा कि, ÷बुंदेलखंड वीर वीरांगनाओं की धरती होने के साथ-साथ समृद्ध संस्कृति का भी प्रतीक है, लेकिन मौजूदा समय में यह ऐतिहासिक क्षेत्र अपने अस्तित्व की ल?ाई ल? रहा है, जहां मूलभूत संसाधनों के आभाव में पलायन, गरीबी और पिछ?ापन क्षेत्र की पहचान बनती जा रही है. मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के प्रशासनिक ढांचे के बीच फंसे बुंदेलखंड वासियों के लिए बुंदेलखंड 24×7, चौबीस घंटे सातों दिन, उनके एक अभिन्न अंग की तरह कार्य करने के लिए समर्पित है. जिसके माध्यम से शहरी व ग्रामीण इलाकों की जन समस्याओं को उजागर करने के साथ-साथ हमारा उद्देश्य, स्थानीय कलाकारों व प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराते हुए उनकी खोई हुई पहचान दिलाना भी है।बुंदेलखंड 24×7 चैनल प्रमुख आसिफ पटेल ने बताया कि,हम जमीनी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, पत्रकारिता के प्रत्येक मानकों को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।बुंदेलखंड के सुदूर इलाकों में भी चैनल के सक्रिय प्रतिनिधियों के जरिए, हम उन हर ?बरों को प्रमुखता से दर्शाने के लिए उत्साहित हैं, जो आम तौर पर सरकारी महकमे व मेन स्ट्रीम मीडिया के लिए अधिक मायने नहीं रखती है. हमारे साथ डिजिटल फिल्ड के कई अनुभवी पत्रकार जु? हैं, जिनका एकमात्र लक्ष्य, सच और उसके पीछे की ह?ीकत को पारदर्शिता के साथ सामने लाना है।बुंदेलखंड 24×7, यूपी के सात जिलों जालौन, हमीरपुर, ललितपुर, झांसी, बांदा, महोबा और चित्रकूट तथा एमपी के छह जिलों दतिया, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, दमोह और पन्ना में सक्रियता के सात कार्य कर रहा है. विगत 3 वर्षों में चैनल अपनी स्पष्ट रिपोर्टिंग के जरिए, स्थानीय आबादी में विशाल लोकप्रियता हासिल करने में कामयाब रहा है. इसके अतिरिक्त बुंदेली कला और प्रतिभा के लिए समर्पित भाव से काम करते हुए चैनल ने बुंदेली बावरा, बुंदेली शेफ जैसे कार्यक्रमों का आयोजन भी किया है

# खुलेआम अवैध क्लीनिक का संचालन ,गरियाबंद स्वास्थ विभाग की सरपरस्ती में फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम सरकडा में खेमराज ध्रुव कर रहे है मौत का तांडव।

## अवैध क्लीनिक के साथ झाड़ फूंक का भी काम, प्रशासन जान कर भी अनजान

लेखराज चक्रधारी ‌ग‌रियाबंद। गरियाबंद जिले में उच्च न्यायालय और नर्सिंग होम एक्ट के सारे नियमों को ताक में रखकर झोलाछाप डॉक्टरों की डॉक्टरी खूब शबाब में है ।इसकी गोरख धंधा नियमो को पार कर चुकी है ।फिर भी कानून को ठेंगा दिखाकर इसकी गोरख धंधा जिले में खूब फल फूल रही है ।लेकिन स्वास्थ्य विभाग अपने सर परस्ती दिखाकर और कमीसन खोरी कर इसको खुले आम संरक्षण देने में लगे है ।जिसके वजह से मरीज सहित आम जनता की जीवन के साथ खुल कर खिलवाड़ हो रहा है ।झोला छाप डाक्टर अधिक पैसा के लालच में मानवता को शर्म सार कर मरीज का दुश्मन बन बैठे है , आपको बता दे की गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर ब्लॉक मुख्यालय से महज 3किलो मीटर की दूरी पर ग्राम सड़कड़ा में खेमराज ध्रुव नाम का ,झोला छाप डॉक्टर मरीजों के लिए आफत बन गई है ,जो अवैध रूप से क्लिनिक संचालन कर मरीजों से मनमानी राशि वसूल रहे हैं न तो इसके पास इलाज संबंधी न कोई डिग्री है न कोई डिप्लोमा है, और न ही स्वास्थ विभाग से इलाज संबंधी कोई दस्तावेज है ,उसके बावजूद भी खुले आम अवैद्य क्लीनिक संचालन कर मरीजों को मौत के मूंह में धकेल रहे है,इसके बाद भी स्वास्थ विभाग कुंभ करनी निद्रा में सोए हुए है ,नतीजन साफ जाहिर है, की विभाग के संरक्षण में इनकी गोरख धंधा खूब फल फूल रही है , पुनः आपको बताना चाहेंगे की अवैध क्लीनिक ,अवैध पैथलाजी सहित निजी हॉस्पिटल सहित अन्य सावस्थ गतिविधियों को लेकर ,शासन प्रशासन द्वारा नार्शिंग होम एक्ट कानून बनाया गया है जिसकी मॉनिटरिंग के लिए जिला इस्तार पर नोडल टीम गठित की गई है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मॉनिटरिंग के नाम पर शासन का डीजल पेट्रोल खत्म कर केवल सड़क नापने तक ही सीमित है , लापरवाह जम्मिेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों के विपरीत कार्य कर केवल कमीशन खोरी तो सीमित रह गए हैं,आखिर सबसे बड़ा सवाल कब जागेगा शासन और कब सुधरेगी व्यवस्था व्यवस्था?

# अब 19 अक्टूबर को होगा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगमन



मंडला। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का 17 अक्टूबर को मंडला नगर में आगमन कार्यक्रम स्थगित हो गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि संशोधित एवं प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 19 अक्टूबर को मंडला नगर पहुंचेंगे।प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री शिवराज चौहान हेलीकॉप्टर द्वारा महाराजपुर मंडला स्थित हेलीपेड में पहुंचेंगे। माता राजराजेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे। नगर भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र नर्मदा जी वार्ड में ठाकुर परिसर स्थित गार्डन में शक्तिकेंद्र के कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होंगे। बैठक के बाद दोपहर 12.10 बजे से रोड शो में शामिल होंगे।

**मध्यप्रदेश में 5वीं बार सरकार बनाने के लिए जनआर्शीवाद लेंगे**–मुख्यमंत्री चौहान रोड शो के दौरान नगर की जनता से भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश में 5वीं बार सरकार बनाने के लिए जनआर्शीवाद लेंगे। मंडला नगर में आयोजित कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री चौहान बिछिया विधानसभा क्षेत्र के विकासखण्ड घुघरी के लिए प्रस्थान करेंगे तथा आयोजित सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद निवास विधानसभा क्षेत्र के बीजाडांडी विकासखण्ड के ग्राम मानिकसरा पहुंचकर आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिला कार्यालय ने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को तैयारियों के लिए जिम्मेदारी सौंपी है।

# जहां पढ़ चुकीं सलमान खान-मुकेश अंबानी जैसी हस्तियां, ग्वालियर के उस स्कूल में 21 को पहुंचेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर मध्यप्रदेश के दौरे पर रहेंगे। इस बार वे 21 अक्टूबर को ग्वालियर आ रहे हैं। वे यहां के सिंधिया स्कूल के 125वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम में पहुंचेंगे। सिंधिया स्कूल की स्थापना 125 साल पहले सन 1897 में हुई थी। कि यह सिंधिया परिवार की तरफ से पहला मौका है, जब उनके कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। सिंधिया स्कूल प्रबंधन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सिंधिया की राजशाही जयविलास पैलेस का भ्रमण कर चुके हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि पीएम मोदी के कार्यक्रम की जानकारी मिल गई है जिसको लेकर तैयारी चल रही है। सिंधिया स्कूल देशभर में प्रसिद्ध है और इस स्कूल में सलमान खान, मुकेश अंबानी सहित तमाम बड़ी हस्तियां पढ़ चुकी हैं। गौरतलब है कि ग्वालियर में सिंधिया स्कूल अपना 125वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया गया है। इसको लेकर स्कूल में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। यह दो दिवसीय कार्यक्रम होगा। करीब डेढ़ घंटे तक रहेंगे। समारोह ठीक शाम 5 बजे से शुरू होगा और उसी



समय पीएम मोदी सिंधिया स्कूल पहुंचेंगे। इस स्थापना दिवस पर मीत ब्रदर्स अपनी प्रस्तुति देंगे। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हो सकते हैं। उनके साथ केंद्रीय मंत्री सिंधिया सहित कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। इससे पहले सिंधिया परिवार ने राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को महल में आमंत्रण किया और उसके बाद उन्हें शाही भोज कराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 21 अक्टूबर को ग्वालियर में होने वाले दौरे को लेकर सिंधिया ने कहा है कि हमारा सौभाग्य है कि सिंधिया स्कूल की वर्षगांठ के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना कीमती समय निकालकर यहां आ रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478